दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

अमन लेखनी



सनी ने दिया एनिमल का....

जाह्नवी ने छोटी बहन को दी सलाह.....

वर्ष : 10 | अंक : 08 | लखनऊ, 17 दिसम्बर, रविवार 2023 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

मौसम

अधिकतम तापमान 22.c

न्यूनतम तापमान 9.c

बाजार

सोना 5510/ g

चांदी 73.50/ g

सेंसेक्स 69,825.60

निफटी 20,969.40

देश के कोने-कोने में पहुंच रही मोदी की गारंटी वाली गाड़ी

वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में छोटे शहर अहम भूमिका निभाएंगे: प्रधानमंत्री

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में सैकड़ों छोटे शहरों की अहम भूमिका है और उनकी सरकार जीवनयापन को आसान बनाने के लिए ऐसे शहरी केंद्रों में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत कर रही है। देश में जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार उन शहरी परिवारों के लिए पैसा बचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिन्हें आयुष्मान भारत स्वास्थ्य बीमा और सभी के लिए आवास जैसी पहलों से लाभ हुआ है। विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार का एक बड़ा जनसंपर्क कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य केंद्रीय पहलों के दायरे के तहत सभी लाभार्थियों को लाना है। मोदी ने इस यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए कहा, हमारा एजेंडा पैसे बचाने में लोगों की सहायता करना है।

यह यात्रा राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में शुरू की गयी, जहां विधानसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श आचार संहिता के कारण इसे पिछले महीने शुरू नहीं किया जा सका था। यह यात्रा 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी में शुरू की गई थी और हजारों गांवों और 1,500 शहरों के 2.5 करोड़ लोगों तक पहुंच चुकी है। मोदी ने कहा, मुझे यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ गांवों के हर गरीब व्यक्ति और शहरों की झुग्गी-झोपड़ी वाली हर बस्ती तक पहुंचे और उन्हें बिना किसी कठिनाई के लाभ मिले। यही कारण है कि मोदी की गारंटी की वैन चारों ओर घूम रही है। उन्होंने कहा कि 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में शहरों की बहुत बड़ी भूमिका है और उस समय देश आजादी की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा।

उन्होंने कहा, आजादी के बाद लंबे समय तक जो विकास हुआ, उसका दायरा देश के कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था। लेकिन आज हम टियर-2 और टियर-3 शहरों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि देश के सैकड़ों छोटे शहर विकसित भारत की भव्य इमारत को मजबूत करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमृत मिशन और स्मार्ट सिटी मिशन जैसी पहल छोटे शहरों में बुनियादी सुविधाओं को उन्नत कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने मुंबई, लखनऊ, शिमला के पास रोहड़ू, कोझिकोड और गुवाहाटी के रहने वाले विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भी बातचीत की। प्रधानमंत्री ने लोगों से सरकार की पेंशन योजनाओं में नामांकन कराने और खुद को सुरक्षित करने का आग्रह किया और लोगों से यात्रा के हिस्से के रूप में देशभर में घूमने वाली जनसंपर्क वैन को समर्थन देने के लिए कहा।

भारत ने तेज गति वाले यूएवी का सफल प्रायोगिक परीक्षण किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, कर्नाटक के चित्रदुर्ग में एक स्वदेशी रूप से निर्मित तीव्र गति मानवरहित विमान (यूएवी) का सफल प्रायोगिक उड़ान परीक्षण किया गया। रक्षा मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि इस तरह भारत ऐसी तकनीक रखने वाले देशों के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गया। इस तकनीक को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) द्वारा विकसित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि डीआरडीओ ने चित्रदुर्ग में वैमानिकी परीक्षण रेंज से स्वदेशी तीव्र गति मानवरहित विमान (यूएवी) का सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने प्रणाली के सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी रूप से ऐसी महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के सफल विकास से सशस्त्र बल और मजबूत होंगे। इस यूएवी को डीआरडीओ के वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान द्वाराविकसित किया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इस यूएवी की पहली उड़ान जुलाई 2022 में प्रदर्शित की गई थी, इसके बाद दो घरेलू निर्मित प्रोटोटाइप का इस्तेमाल करके छह उड़ान परीक्षण किए गए।

संक्षिप्त समाचार

तीर्थयात्रियों को सबरीमाला ले जा रही गाड़ी का भीषण एक्सीडेंट, ऑटो से हुई टक्कर में 5 की मौत

नई दिल्ली, केरल में सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रहे वाहन से ऑटो की टक्कर हो गयी जिसमें 5 की मौत हो गयी। दुर्घटना में ऑटो चालक और वाहन में सवार चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि टेम्पो ट्रैवलर में यात्रा कर रहे सबरीमाला तीर्थयात्रियों को चोटें आईं। पुलिस ने कहा कि यहां के पास मंचेरी में सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रहे एक टेम्पो-ट्रैवलर से ऑटो-रिक्शा की टक्कर हो जाने से दो बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में ऑटो-रिक्शा के चालक अब्दुल मजीद (50) और यात्री थिसलीमा (34), मुहसिना (32) और उनके बच्चों रायहा फातिमा (4) और रिंशा फातिमा (7) की मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि ऑटो-रिक्शा पड़ोसी राज्य कर्नाटक से सबरीमाला तीर्थयात्रियों को ले जा रहे टेम्पो-ट्रैवलर से टकरा गया। पुलिस ने बताया कि सबरीमाला के पांच तीर्थयात्रियों को मामूली चोटें आईं।

बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक फरवरी तक विधानसभा में पेश किया जाएगा : असम के मुख्यमंत्री

नई दिल्ली, असम विधानसभा के फरवरी में होने वाले अगले सत्र में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए एक विधेयक पेश किया जाएगा। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। यह विधेयक विभिन्न व्यक्तियों और संगठनों के साथ महीनों के विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया है। पत्रकारों से बात करते हुए, शर्मा ने कहा, बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक चार फरवरी से शुरू होने वाले सत्र में असम विधानसभा के पटल पर रखा जाएगा। मुख्यमंत्री ने पहले कहा था कि राज्य में ह्ललव जिहादह्व को रोकने के उद्देश्य से विधेयक में कुछ बिंदुओं को शामिल किया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार को बहुविवाह की प्रथा पर प्रतिबंध लगाने के प्रस्तावित कानून पर प्रतिक्रिया मांगने वाले एक सार्वजनिक नोटिस के जवाब में 149 सुझाव मिले थे। उन्होंने कहा कि इनमें से 146 सुझाव विधेयक के पक्ष में थे।

सीमा शुल्क अधिकारियों ने 1.96 करोड़ रुपये मूल्य की सोने की 27 छड़ जब्त कीं

सीमा शुल्क अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो विदेशी नागरिकों से तीन किलोग्राम से अधिक वजन और 1.96 करोड़ रुपये मूल्य की सोने की 27 छड़ जब्त की हैं। वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि जांच के आधार पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को उज्बेकिस्तान के दो नागरिकों-जमीराखोन कबीरोवा और मखपिराखोन ममतखोदजेवा के खिलाफ सोने की तस्करी का मामला दर्ज किया। इसमें कहा गया, दिल्ली कस्टम्स प्रिवेंटिव, न्यू कस्टम्स हाउस ने कल इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर दो विदेशी नागरिकों से 1.96 करोड़ रुपये मूल्य की तीन किलोग्राम से अधिक वजन की सोने की 27 छड़ जब्त कीं।

खेल मंत्री आतिशी ने 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों का उद्घाटन किया

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली की खेल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को छत्रसाल स्टेडियम में 67वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों का उद्घाटन किया। अतिशि ने कहा कि चीन में एशियाई खेलों में देश की हालिया जीत के बाद पूरा देश गर्व की भावना से भर गया है। इस मौके पर आधिकारिक बयान में आतिशी कहा, हमारे खिलाड़ियों ने असाधारण कौशल, दृढ़ संकल्प और निरंतर सफलता को हासिल किया। मुझे विश्वास है कि ये राष्ट्रीय खेल उन प्रतिभाओं को भी बढ़ावा देंगे जो भविष्य में चैंपियन बनेंगी। इस आयोजन की मेजबानी दिल्ली शिक्षा निदेशालय (डीओई) कर रहा है जिसमें देश भर की 44 इकाइयों से 3,000 से अधिक छात्र खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। राष्ट्रीय स्कूल खेलों में अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 श्रेणियों के तहत 3,400 से अधिक 13 खेलों में भाग लेंगे। इन खेलों में हैंडबॉल, कराटे, सापेकटेकरॉ, जिमनास्टिक, टेबल टेनिस, कुश्ती, मुक्केबाजी, नेटबॉल, बैडमिंटन, तैराकी, डाइविंगकुराश, एवं थांगटा मार्शल आर्ट्स शामिल हैं।

क्रूज सेवा को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा: सीएम योगी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि लैंड लॉक्ड स्टेट कहे जाने वाले उत्तर प्रदेश में सरकार ने राप्ती, सरयू, गंगा और यमुना जैसी नदियों में इनलैंड वाटर वे सेवा शुरू करने के लिए इनलैंड वाटर वे ऑथॉरिटी का गठन किया है जिससे क्रूज सेवा को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन होगा। शुक्रवार को पर्यटन केंद्र के रूप में उभरे रामगढ़ताल में क्वीन लेक क्रूज का उद्घाटन करने के बाद यहां ताल की जेट्टी पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप प्रदेश में पर्यटन सुविधाओं का विकास किया जा रहा है और सड़कों को टूलेन से फोरलेन, सिक्सलेन, एटलेन और ट्वेल्वलेन बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में रेल और एयर कनेक्टिविटी भी शानदार है, इसके बावजूद उत्तर प्रदेश को लैंड लॉक्ड स्टेट कहा जाता था पर प्रधानमंत्री मोदी ने इसका भी रास्ता निकाल दिया है। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन में वाराणसी से हल्दिया तक गंगा नदी में इनलैंड वाटर वे बनाकर क्रूज चलाया जा रहा है तथा क्रूज सेवा को बढ़ावा देने के लिए लिए राज्य में इनलैंड वाटर वे ऑथॉरिटी का भी गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर को आज अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त क्रूज के रूप में नया उपहार मिला है तथा खास बात यह है कि इस क्रूज को तैयार करने में स्थानीय श्रमिकों ने योगदान दिया है। उन्होंने कहा, हम जितना अच्छा शहर रखेंगे, उतनी ही पर्यटन और विकास की संभावना बढ़ने के साथ नए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। समारोह में पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि गोरखपुर के लिए यह गौरवशाली अवसर है क्योंकि जो झील कभी गंदगी और उपेक्षा की पर्याय थी, आज वहां क्रूज सेवा शुरू हो गई।

क्रूज का उद्घाटन करने के बाद योगी आदित्यनाथ ने क्रूज का अवलोकन किया। एक अधिकारी ने बताया कि लेक क्वीन क्रूज के निर्माण पर 12 करोड़ रुपये से अधिक का खर्च आया है। उनके अनुसार क्रूज में पांच सितारा होटल जैसी सुविधाएं विकसित की गईं हैं एवं उसपर शाकाहारी और मांसाहारी व्यंजन मिलेंगे। अधिकारी के अनुसार 2700 वर्ग फीट के क्षेत्रफल वाले क्रूज पर तीन तल बनाए गए हैं। इसके अलावा एक वेटिंग प्लेटफार्म भी है। क्रूज पर 150 लोगों की क्षमता के तीन हाल और 15 लोगों की क्षमता का एक अति विशिष्ट कक्ष बनाया है। एक ट्रिप में दो घण्टे तक क्रूज पर सवारी का आनंद उठाया जा सकेगा।

पीएम मोदी ने बदल दी राजनीति की संस्कृति : नड्डा

कांग्रेस के लोग इसे जल्दी समझ लें, तो अच्छा है

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, तीन राज्यों में मिली चुनावी जीत के बाद भाजपा का उत्साह चरम पर हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के दौरे पर हैं। बिलासपुर में जेपी नड्डा के अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। इस समारोह को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि 3 राज्यों की हमारी इस जीत ने तथाकथित राजनीति पंडितों को भी स्तब्ध किया है। क्योंकि वो राजनीति के गणित को पहचान नहीं पाते, राजनीति की गहराइयों को जान नहीं पाते। वो समझ नहीं पाते कि ये कैसे हो गया।

नड्डा ने कहा कि वर्तमान समय में राजनीति करने के अर्थ बदल चुके हैं। कांग्रेस के लोग इसे जल्दी समझ लें, तो अच्छा है। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने राजनीति की संस्कृति बदल दी है। मोदी जी ने कहा है कि जो कहा था, वो किया है और जो नहीं कहा था, वो भी करके दिया है। उन्होंने कहा कि आज के समय में जनता रिपोर्ट कार्ड की राजनीति पर विश्वास करती है। अब दुनिया में ये साबित हो गया है कि मोदी की गारंटी, गारंटी पूरा होने की भी गारंटी है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी की सरकार ने हर घर तक नल से जल पहुंचाया है। मुझे खुशी है कि नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने मुझे स्वास्थ्य मंत्री बनाया। उसके बाद हमने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ योजना आयुष्मान भारत योजना हमने शुरू की। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश के 13.5 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। अब भारत में अति गरीबी 1% से भी कम रह गई है। ये है मोदी जी की गारंटी।

जेपी नड्डा ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक के माध्यम से महिलाओं को 33% आरक्षण देने का काम मोदी जी ने किया है। 2027 में जब हिमाचल प्रदेश में चुनाव होंगे तो यहां विधानसभा में 33% बहनें होंगी और 2029 में संसद में भी 33% महिलाएं होंगी। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने हिमाचल को हमेशा अपना समझा है। जब यहां आपदा आई, तो मोदी जी के निर्देश पर हम यहां आए थे।

झारखंड मंत्रिमंडल ने औद्योगिक टाउनशिप, 500 बिस्तरों वाले अस्पताल के प्रस्तावों को दी मंजूरी

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

झारखंड मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को पूर्वी सिंहभूम जिले में जमशेदपुर औद्योगिक टाउनशिप और बोकारो जिले में 500 बिस्तरों वाला एक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्थापित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

हेमंत सोरेन सरकार ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत मिलने वाला लाभ लाभार्थी परिवार की सभी लड़कियों को देने का फैसला किया है। पहले यह केवल दो बेटियों तक ही सीमित था। इस योजना का उद्देश्य किशोरियों की शिक्षा को सुविधाजनक बनाना है।

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक हुई। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा कि यह टाउनशिप पूर्वी सिंहभूम जिले में जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (जेएनएसी) के अतंर्गत 15,725 एकड़ भूखंड पर बनेगी। दादेल ने कहा, इस कार्य के लिए एक जमशेदपुर औद्योगिक नगर समिति बनाने का भी प्रस्ताव रखा गया है, जिसमें छह सदस्य राज्य सरकार से, 10 सदस्य टाटा स्टील से और 10 स्थानीय प्रतिनिधि शामिल होंगे।

मंत्रिमंडल ने बोकारो जिले में 500 बिस्तरों वाला एक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है। कैबिनेट सचिव ने कहा कि यह अस्पताल 688 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से बनेगा। मंत्रिमंडल ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में संशोधन समेत 23 प्रस्तावों को मंजूरी दी।

एक बार फिर विपश्यना पर जाएंगे अरविंद केजरीवाल, 19 दिसंबर को होंगे रवाना

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल 19 दिसंबर को राष्ट्रीय राजधानी में इंडिया ब्लॉक की चौथी बैठक के दिन 10 दिवसीय विपश्यना ध्यान पाठ्यक्रम के लिए एक अज्ञात स्थान पर रवाना होंगे। विपश्यना एक प्राचीन भारतीय ध्यान तकनीक है जिसमें अभ्यासकर्ता अपनी मानसिक भलाई को बहाल करने के लिए लंबे समय तक बात करके या इशारों के माध्यम से किसी भी संचार से दूर रहते हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि वह इंडिया ब्लॉक की चौथी बैठक में शामिल होंगे या नहीं, जो छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में कांग्रेस की हार के बाद पहली बैठक है।

केजरीवाल लंबे समय से विपश्यना का अभ्यास कर रहे हैं। हर साल, वह 10-दिवसीय विपश्यना पाठ्यक्रम के लिए जाते हैं और प्राचीन ध्यान प्रणाली का अभ्यास करने के लिए पिछले वर्षों में बेंगलुरु और जयपुर सहित कई स्थानों पर गए हैं। केजरीवाल किसी अज्ञात स्थान पर कोर्स के लिए रवाना होंगे। चौथी बैठक में विपक्षी इंडिया गुट एकता की थीम ₹मैं नहीं, हम₹ पर काम करना चाहता है। बैठक में सीट-बंटवारे के विषय पर चर्चा होने की संभावना है जो कि इंडिया ब्लॉक के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन जाएगा। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले संयुक्त चुनाव अभियान पर भी चर्चा हो सकती है। 27 गठबंधन सहयोगियों की आखिरी बैठक सितंबर में मुंबई में हुई थी जिसमें समन्वय समितियों का गठन किया गया था।

इंडिया के साझेदारों के बीच सीट-बंटवारे की बातचीत रुकी हुई थी क्योंकि कांग्रेस को तीन राज्यों में अच्छे नतीजे की उम्मीद थी जिससे उसकी बातचीत मजबूत हो सकती थी। उन राज्यों में विपक्षी दलों के बीच सीटों के बंटवारे पर भी सहमति नहीं बन पाई।

भविष्य का भारत बनाने के लिए युवाओं की बात सुननी होगी, उनकी ताकत पर विश्वास करना होगा: शाह

एजेंसी / अमन लेखनी समाचार

नई दिल्ली, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि भारत को विकसित बनाने के लिए युवाओं की बात सुननी होगी, उनकी पसंद को समझना होगा, उनकी आकांक्षाएं कार्य योजना में शामिल करनी होंगी और उनकी शक्ति पर विश्वास करना होगा। गुजरात के आणंद में सरदार पटेल विश्वविद्यालय के 66वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समझ के साथ कई योजनाएं लेकर आए कि केवल युवा ही भविष्य का भारत बना सकते हैं। भारत के पहले उप प्रधानमंत्री और गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल को याद करते हुए, शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 को निरस्त करना उनको एक श्रद्धांजलि थी, और वह जिस सम्मान के हकदार थे, पिछली कांग्रेस सरकारों ने उन्हें वह नहीं दिया।

शाह ने अपने संबोधन में कहा, ह्लयदि आप चाहते हैं कि एक विकसित भारत साकार हो, तो आपको युवाओं की आवाज सुननी होगी, उनकी पसंद को समझना होगा, उनकी आकांक्षाएं कार्य योजना में शामिल करनी होंगी और युवाओं की शक्ति पर विश्वास करना होगा। उन्होंने कहा, नरेन्द्र मोदी सरकार की नीति युवाओं की आवाज सुनना, उनकी पसंद को समझना, उनकी आकांक्षाओं को मंच देना और उनकी शक्ति पर विश्वास करना है। नरेन्द्रभाई इस समझ के साथ कई योजनाएं लेकर आए हैं कि केवल भारत के युवा ही भविष्य के भारत का निर्माण कर सकते हैं। शाह ने कहा कि 2012 में राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश करने और देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा करने के बाद ही उन्हें एहसास हुआ कि अगर सरदार पटेल नहीं होते, तो देश का अस्तित्व नहीं होता (जैसा कि अब है)।

उन्होंने कहा, उनके बिना देश का नक्शा बनाना संभव नहीं था। उन्होंने कहा, ह्लछात्र कश्मीर और हैदराबाद की समस्याओं के बारे में जानते होंगे, लेकिन अगर जोधपुर, जूनागढ़, हैदराबाद और लक्षद्वीप आज भारत के हिस्से हैं, तो यह सरदार पटेल के कारण है। उन्होंने कहा कि मोदी के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के फैसले के बाद जब उन्होंने ऐतिहासिक दस्तावेजों का अध्ययन किया, तो उन्हें एहसास हुआ कि सरदार पटेल ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद को बड़े दुख के साथ स्वीकार किया था। शाह ने कहा, नरेन्द्र मोदी ने सरदार साहब के सपने को पूरा करने के लिए अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया। ह्लयह दुख की बात है कि सरदार पटेल के कार्यों को जिस तरह का सम्मान मिलना चाहिए था, वह आजादी के कई वर्षों बाद भी नहीं मिला। कांग्रेस के सत्ता से हटने तक उन्हें भारत रत्न भी नहीं मिला। उन्हें सम्मान देने की हर प्रक्रिया में बाधाएं पैदा की गईं।

पति ने पत्नी और सास के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर के अमौसी एयरपोर्ट, चिल्लावां निवासी जयकिशन ने अपनी पत्नी काजल और सास प्रेमा के खिलाफ गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जय किशन का कहना है कि बीते दिनों रात करीब 8:30 बजे पत्नी काजल और सास प्रेमा ने अचानक घर पर पहुंचकर जय किशन और उसके माता-पिता के साथ गाली गलौज की। साथ ही ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। जिससे पीड़ित जय किशन और उसके माता-पिता घायल हो गए। आरोप है कि बाद में जाते समय आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। फिलहाल पुलिस इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

अवैध कब्जा हटाने पर केयरटेकर को जमकर पीटा, मुकदमा दर्ज

मोहनलालगंज। सिसेंडी गांव निवासी मुकेश कुमार ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया वो मीनापुर में स्थित फुहार पैराडाइज कम्पनी में केयर टेकर का काम करता है ।उसके द्वारा कम्पनी को दिलायी गयी जमीनो पर विपक्ष विनोद कुमार यादव निवासी संताखेड़ा मजरा सुल्सामऊ जो कि द विलैजियो कम्पनी में कार्यरत है, जबरन कब्जा कर बाउड्री वाल व लोहे की ग्रील लगवा दिया था, बीते शुक्रवार की सुबह मौके पर पहुंचकर कम्पनी के कर्मचारियों के साथ मिलकर अवैध रूप से कम्पनी की जमीन पर बनाई गयी बाउड्री वाल व लोहे की ग्रिल गिराने लगा तभी विनोद कुमार अपने साथियों संग मौके पर आ धमका जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुये लात घुसो व लोहे के धारदार हथियारो से हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया ओर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से भाग निकलें ।इंस्पेक्टर वीरेन्द्र त्रिपाठी ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपी व उसके अज्ञात साथियों पर मारपीट, जान से मारने की धमकी देने समेत एससी/एसटी एक्ट की धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी हैं।

लोहिया में तीमारदार को बेच दिया एक्सपायर इंजेक्शन

दिल और गुर्दे की बीमारी से जुझ रही महिला की जान से खिलवाड़

इंजेक्शन वापस करने के बजाए तीमारदार से उलझे फामेर्सी कर्मी

पीड़ित परिवारीजनों ने मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। लोहिया संस्थान में कर्मचारियों की लापरवाही मरीज की जान की आफत बन सकती है। यहां भर्ती एक महिला मरीज के तीमारदार को काउंटर से एक्सपायर दवा थमा दी गई। जब तीमारदार ने फामेर्सी में शिकायत की तो उसे अनसुना कर दिया गया। फामेर्सी कर्मचारी तीमारदार से ही उलझ गए। काफी गुजारिश के बाद भी दवा वापस नहीं की गई। परिवारीजनों ने मुख्यमंत्री से शिकायत की बात कही है।

संपूर्ण समाधान दिवस पर अफसरों ने सुनी समस्याएं

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। सरोजनीनगर तहसील कार्यालय में शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस तहसीलदार बृजेंद्र उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। जिसमें पुलिस से संबंधित 23, राजस्व की 57, विकास की 11, समाज कल्याण की दो और अन्य 25 शिकायतों सहित कुल 118 शिकायतें दर्ज की गई। इन दर्ज शिकायतों में से राजस्व विभाग की 24 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सप्ताह भर का समय दिया गया। इस संपूर्ण समाधान दिवस में रामदास पुर के राहुल तिवारी ने शिकायत की कि सहिजनपुर गांव की प्रधानमंत्री स्वजल धारा योजना के तहत लगने वाली पानी की टंकी रामदास पुर में लगाई जा रही है। जबकि रामदास पुर गांव से सहिजनपुर की दूरी 2 किलोमीटर है। जिसके लिए लंबी पाइप लाइन बिछाना पड़ेगा। इससे सरकार के राजस्व का भी नुकसान होगा। उन्होंने कहा है कि सहिजनपुर गांव में ग्राम समाज की काफी भूमि परती पड़ी है। इसलिए वहां पर टंकी लगाई जाय। राहुल तिवारी का कहना है कि सहिजनपुर में पानी की टंकी लगाने के लिए सर्वे कर जगह भी चिन्हित की जा चुकी है। लेकिन ग्राम प्रधान की मनमानी के कारण स्वजल धारा योजना के तहत लगने वाली पानी की टंकी सहिजनपुर गांव के बजाय रामदास पुर गांव में लगाई जा रही है। ऐसे में एक ही गांव में पानी की दो टंकी लग जाने से रामदास पुर गांव का वाटर लेवल भविष्य में नीचे चला जाने की आशंका है। इससे पानी का संकट खड़ा हो सकता है और ग्रामीणों को भी काफी असुविधा पैदा होगी। इसलिए इस पानी की टंकी को रामदास पुर के बजाय सहिजनपुर गांव में लगवाया जाए। वहीं भटगवां पांडेय के प्रधान उमेश कुमार गुप्ता ने गांव की कोटेदार सरिता के खिलाफ घटतौली करने की शिकायत की है। प्रधान उमेश ने शिकायत की कि सरकारी राशन दुकानदार सरिता देवी गांव के अधिकतर लोगों से अंगूठा लगवा लेती है और उन्हें 5-6 किलो राशन कम देती है। इतना ही नहीं राशन खत्म होने की बात कहते हुए तमाम कार्ड धारकों को वापस कर दिया जाता है और बाद में उन्हें वह राशन नहीं दिया जाता। ग्राम प्रधान ने कहा है कि उन्होंने कई बार कोटेदार सरिता को समझाया, लेकिन वह नहीं मानी। बाद में इसकी शिकायत क्षेत्रीय पूर्ति अधिकारी से कई बार की। लेकिन वह भी कोई कार्रवाई करने के बजाय उल्टे अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। फिलहाल ग्राम प्रधान उमेश ने कोटेदार के खिलाफ जांच कराकर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

डीएम साहब! दिला दो न्याय काफी दिनों से न्याय के लिए भटक रही हूँ

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। शनिवार को मलिहाबाद तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने फरियादियों की समस्याएं सुनी कुल 95 शिकायतें दर्ज हुई जिसमें 33 प्रकरण का मौके पर निस्तारण हुआ। समाधान दिवस पर मलिहाबाद बार एसोसिएशन अध्यक्ष जेके सिंह की अगुवाई में अधिवक्ताओं ने बताया कि कोर्ट मलिहाबाद में न होने से फरियादी और अधिवक्ताओं को 151,107/16 आदि सीपीआरसी के तहत वादों की सुनवाई हेतु दुबग्गा तक लम्बा सफर तय करना पड़ रहा है। एसीपी कोर्ट मलिहाबाद में न होने से माल, मलिहाबाद, रहीमाबाद के क्षेत्र के लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। वहीं पुरवा निवासी सरजू देई ने शिकायती पत्र के माध्यम से बताया कि घरेलू कनेक्शन की मीटर की रीडिंग गलत बताकर मीटर व विद्युत विच्छेद कर दिया गया। जब इसकी शिकायत की तो 15 हजार रुपयों की मांग की और कहा कि रुपये दे दो तो हम बिल सही करा देंगे। जिस पर जिलाधिकारी ने लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों को जमकर फटकार लगाई। अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित करें। और फोन पर निस्तारण का फीडबैक लेते रहे। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन, उपजिलाधिकारी मीनाक्षी पांडेय, तहसीलदार वंदना कुशवाहा, एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह, बीडीओ मलिहाबाद रवींद्र मिश्र, सहायक विकास अधिकारी कृषि मानवेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

समाधान दिवस पर समस्याएं सुनते डीएम व अन्य

सम्पूर्ण समाधान दिवस : साढे आठ माह बाद भी नही हटा सरकारी जमीनो से बिल्डर का अवैध कब्जा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य ने एसीपी नितिन कुमार सिंह समेत सभी विभागो के अधिकारियों की मौजूदगी में फरियादियों की शिकायतें सुनकर निस्तारण के निर्देश दियें। मोहनलालगंज तहसील में आयोजिय सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपजिलाधिकारी हनुमान प्रसाद मौर्य से लिखित शिकायत करते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया उनके गांव धर्मावतखेड़ा में फॉर्च्यून टेक बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड के मालिक आयुष प्रताप सिंह ने बंजर, चकमार्ग, नवीनपरती समेत अन्य सरकारी जमीनो पर अवैध रूप से कब्जा कर प्लाटिंग कर दी, साढे आठ माह में सम्पूर्ण समाधान दिवसो समेत उपजिलाधिकारी व तहसीलदार से आधा दर्जन से अधिक शिकायतो के बाद भी सरकारी जमीनो से अवैध कब्जा नही हटाया गया ।जब कि जांच में राजस्व टीम को बिल्डर्स का सरकारी जमीनो पर अवैध कब्जा भी मिला ।एसडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये तहसीलदार को अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दियें ।अमेठी नगर पंचायत के अब्बासी नगर निवासी इरफान अब्बासी ने शिकायती पत्र देते हुये बताया नगर पंचायत के वार्ड बगंला में सरकारी नाले पर अवैध रूप से कब्जा कर सईद उर्फ सईद नगरामी ने पक्की दुकान बना ली, पूर्व में शिकायत पर ईओ अमेठी को जांच कर कार्यवाही के निर्देश दिये ।जिसके बाद भी सरकारी नाले से अवैध कब्जा नही हटाया गया ।एसडीएम ने ईओ को कड़ी फटकार लगाते हुये अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दियें ।विनोद कुमार निवासी बगहनखेड़ा मजरा पुरनपुर ने शिकायत करते हुये बताया उनकी ग्राम पंचायत में सरकारी अभिलेखो में पशुचर व चारागाह दर्ज सरकारी जमीनो पर जोगी, अवधेश, नारेन्द्र समेत अन्य कई लोगो ने कब्जा कर पक्के निर्माण करा लिये है ।पूर्व में दर्जनो शिकायतो के बाद भी कब्जेदारो पर मेहरबान हल्का लेखपाल ने सुरक्षित जमीन से अवैध कब्जे नही आज तक नही हटाये ।रामसमुझ निवासी ग्राम हर्र इ ने बताया उनके पिता की कृषि योग्य भूमि में उनके सभी भाईयों की भूमि का सही से अंश निर्धारण नही किया गया। जांच कराकर अंश निर्धारण सही कराये जिससे सभी को बराबर बराबर भूमि मिल सकें। एसडीएम ने तहसीलदार को जांच कर कार्यवाही के निर्दश दियें।

जर्जर पेड़ बना जानलेवा, वनविभाग को अप्रिय घटना का इन्तजार

मोहनलालगंज। बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अनिल कुमार अस्थाना ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम हनुमान प्रसाद मौर्य से लिखित शिकायत करते हुये बताया मोहनलालगंज नगर पंचायत के सरांय मोहल्ले में उनका मकान है, मकान के सामने सड़क पर लगा वर्षो पुराना पकरिया का बेहद जर्जर पेड़ लगा है जिसके गिरने से कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है ओर उनका मकान भी क्षतिग्रस्त हो सकता है, जिसे काटा जाना अत्यन्त आवश्यक है पूर्व में दो सम्पूर्ण समाधान दिवसो में शिकायतों के बाद भी वनविभाग समेत नगर पंचायत के अफसरो ने रास्ते पर लगे जर्जर पेड़ को नही काटा ओर दोनो शिकायतो में फर्जी निस्तारण रिपोट लगा दी ।बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ने कहा जर्जर पेड़ के गिरने से उक्त रास्ते से निकलने वालो के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी ।एसडीएम ने शिकायत को गम्भीरता से लेते हुये वन क्षेत्राधिकारी को तत्काल जर्जर पेड़ को रास्ते से हटाने के निर्देश देते हुये सख्त लहाजे में कहा यदि पेड़ ना हटने की दशा में कोई अप्रिय घटना होती है तो उसका जिम्मेदार वन विभाग को माना जायेगा।

सियार को बचाने में बाइक फिसली, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। समान खरीदा कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार युवक के सामने अचानक सियार आ जाने के कारण फिसली बाइक जिससे युवक गंभीर रूप से घायल राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्साकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माल थाना क्षेत्र के ग्राम अटरिया निवासी अतुल कुमार सिंह (23) शुक्रवार शाम को घर का समान खरीद कर बाइक से वापस घर लौट रहा था। तभी सैदापुर गावं के पास सड़क पर अचानक सियार आ जाने के कारण उसे बचाने के चक्कर में युवक ने बाइक की ब्रेक लागई तो वह अनियंत्रित होकर बाइक समेत घिसटता हुआ काफी दूर तक चला गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था में युवक को अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्साकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पारिवारिजनो ने बताया कि अतुल खेती किसानी कर अपना वह अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मृतक के परिवार में पिता विनोद कुमार व माता पुष्पा देवी, भाई आशुतोष सिंह है. जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बाइक से घर लौट रहे रहे युवक की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकरा गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से युवक को सीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्साकों ने उसे मृत घोषित किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। माल थाना क्षेत्र के ग्राम बड़खोरवा निवासी सुरेन्द्र कुमार (35) शुक्रवार शाम को बाइक से अपने घर लौट रहा था तभी जेहटा रोड पर गौरैया मोड़ के पास युवक की बाइक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे लगे पेड़ से टकरा गई, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र माल पहुंचाया जहां चिकित्साकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार को शव पहुंचते ही परिवार में चीख पुकार मच गई शाम को परिजनों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया।

विद्यालय के नन्हे बच्चों ने नृत्य कला के माध्यम से अनेकों संदेश दिये

क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन

शिक्षा सबसे मजबूत हथियार जिसका उपयोग आप विश्व को बदलने के लिए कर सकते- राजेश प्रजापति

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। सरोजनीनगर के शान्तिनगर मे स्थित क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज में वार्षिक उत्सव बहुत धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पहुंचे अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन डॉ.राजेश प्रजापति ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा सबसे शक्तिशाली हथियार है जिसका उपयोग आप दुनिया को बदलने के लिए कर सकते हैं। छात्र-छात्राएं अपना लक्ष्य निर्धारित करें और उन्हें प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करें। संयुक्त निदेशक पवन सचान ने कहा कि बोर्ड परीक्षाओं का शीघ्र ही आयोजन होने जा रहा है परीक्षार्थी परिश्रम करें और परीक्षा में उच्चतम अंक प्राप्त कर अच्छा प्रदर्शन करने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने छात्रों की परीक्षा से पहले 'परीक्षा पे' पर चर्चा कर परीक्षार्थियों को प्रधानमंत्री मोदी के संवाद कार्यक्रम से मार्गदर्शन मिलता है। कॉलेज प्रबंधक ई. योगेंद्र सचान ने शिक्षार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि छात्रों के लिए अपने गहन और सफल करियर बनाने के समय अर्जित ज्ञान, कौशल और योग्यता का पूरा उपयोग करना आवश्यक है। विपरीत परिस्थितियों में भी छात्रों को कभी निराश नहीं होना चाहिए। कई बार बच्चे पढ़ाई और परीक्षा को लेकर तनाव में आ जाते हैं। लेकिन तय किए गए लक्ष्य या के अनुरूप किए गए मेहनत परीक्षार्थियों और छात्र-छात्राओं के लिए कभी भी बेमानी साबित नहीं होती है। निदेशक डा. श्रेया ने बच्चों के नृत्य कला का प्रदर्शन देखा और अच्छे प्रदर्शन पर शाबाशी दी साथी उन्होंने कहा कि बच्चे सफलता के लिए शॉर्टकट के बजाय कठिन मेहनत कर उचित मार्गदर्शन के साथ हर परीक्षा में शिक्षार्थी अपना अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। इस मौके पर कॉलेज में छात्र-छात्राओं द्वारा बच्चों ने हांकी के नायक, बचपन का इतिहास पर नाटक प्रस्तुत किया, क्लासिकल और पंजाबी डांस की भी शानदार प्रस्तुतियां दी और खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों द्वारा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर उन्हें प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर कॉलेज की निदेशिका ऋषिका सचान एवं विद्यालय परिवार के अध्यापक एवं उनके अभिभावकों ने कार्यक्रम के दौरान बच्चों का उत्साह वर्धन किया।

अवध प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज के वार्षिक उत्सव समारोह के दौरान मौजूद वरिष्ठ आईएएस विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन डॉ. राजेश प्रजापति और क्रिएटिव कॉन्वेंट कॉलेज के प्रबंधक इंजीनियर योगेंद्र सचान द्वारा अवध प्रेस क्लब के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र पहनाकर और उपहार के रूप में एक-एक पौधे को भेंट कर सम्मानित किया गया ।सम्मान समारोह में अवध प्रेस क्लब के अध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान, वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, प्रचार मंत्री ऋषि राज गुप्ता, सह संगठन मंत्री नितिन पटेल, सुमित सिंह, सुमित सिंह, अभिषेक भारती, दीपराज सिंह, अश्वनी साहू समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। प्रेस क्लब के संरक्षक ई. योगेंद्र सचान द्वारा सभी को बधाई दी गई।

सरोजनीनगर के नटकुर गांव में महाराजा बिजली पासी जनकल्याण सेवा समिति की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

सरोजनी नगर लखनऊ। महाराजा बिजली पासी जनकल्याण सेवा समिति की एक बैठक शनिवार को सरोजनीनगर के नटकुर गांव में आयोजित हुई। कमेटी के अध्यक्ष सुंदरलाल रावत की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में महाराजा बिजली पासी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में पार्षद प्रतिनिधि लव कुश रावत ने कहा कि कमेटी के माध्यम से सामाजिक कार्य करना एक सराहनीय कदम है। उन्होंने कहा कि कमेटी के लोगों को चाहिए कि वह समाज के लोगों को आगे बढ़ाने में उनकी मदद करें। उन्होंने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि आज के युग में शिक्षा का बहुत ही अधिक महत्व है। इसलिए समाज के बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलाएं। इस दौरान कमेटी के पदाधिकारियों का गठन कर पार्षद प्रतिनिधि लवकुश रावत द्वारा उन्हें मनोनयन पत्र सौंपे गये। साथ ही मनोनीत पदाधिकारियों को फूलमाला पहनाकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर कमेटी के अध्यक्ष सुंदरलाल रावत ने समाज के लोगों से संगठित होने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि संगठित होकर ही बड़ी से बड़ी लड़ाई पर विजय प्राप्त की जा सकती है। इस अवसर पर कमेटी के महामंत्री / प्रबंधक मुकेश रावत, संरक्षक राजाराम, संयोजक स्वामी दीन, उपाध्यक्ष विनोद कुमार व रामकिशोर, कोषाध्यक्ष श्रीराम, संगठन मंत्री रितेश कुमार व रामचंद्र, मंत्री रामसागर व सुनील, प्रचार मंत्री विश्वनाथ व गोविंद कुमार के अलावा सदस्य अमन कुमार, शिवलाल, राम कृपाल, सरवन कुमार, विजय राजवंशी, अजीत कुमार, मुफतलाल, धर्मेंद्र कुमार, सर्वेश कुमार और मनीष कुमार , कुलदीप रावत सहित तमाम अन्य लोग भी मौजूद रहे।

वरमाला के वक्त दूल्हे के अरमानों पर फिरा पानी, ऐन मौके पर दुल्हन ने शादी से किया इनकार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ, लखनऊ में एक अजब मामला सामने आया है। जहां एक शादी की खुशियां अचानक हंगामा और झगड़े में बदल गया। दरअसल फेरे से कुछ समय पहले दुल्हन ने दूल्हे को दिव्यांग बताते हुए शादी से इनकार कर दिया। दोनों पक्ष के लोग दुल्हन को समझाने की कोशिश की लेकिन युवती किसी की बात न सुनी। यहां तक कि उसने परिजनों से यह तक कह दिया कि दबाव बनाने पर वह आत्महत्या कर लेगी। अंत में दूल्हा बारात वापस लेकर लौट गया। ये घटना चिनहट क्षेत्र का है। जहां एक गांव में युवती की शादी थी। इंस्पेक्टर आलोक राव के मुताबिक शादी की तैयारियां हो चुकी थीं। पंडाल से लेकर वरमाला के लिए स्टेज सजकर तैयार थे। वधू पक्ष के लोग बारात की अगवानी की तैयारी में जुटे थे। जब दूल्हा द्वारचार के लिए पहुंचा तो दुल्हन ने ऐन मौके पर शादी करने से इनकार कर दिया। युवती की ये बात सुनकर परिजन सन्न रह गए। कारण पूछे जाने पर युवती ने बताया कि दूल्हा दिव्यांग है जिस कारण वह शादी नहीं कर सकती। इस पर परिजन युवती को समझाने में जुट गए। काफी देर तक वर और वधू पक्ष के लोग युवती से मान मनौव्वल करते रहे। लेकिन वह टस से मस नहीं हुई। यहां तक कि परिवार वालों के बार-बार कहने पर युवती खुदकुशी करने की धमकी देने लगी। उसका ये रवैया देख अंत में दूल्हा बारात लेकर वापस लौट गया। इस मामले में पुलिस ने बताया कि उन्हें बारात वापस लौटने की बात पता चली थी। लेकिन किसी भी पक्ष ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई।

शादी से एक दिन पहले जेल पहुंचा दूल्हा

कानपुर में भी एक अजब मामला सामने आया। जहां एक बारात से एक दिन पहले पुलिस ने दूल्हे को रेप केस में जेल में डाल दिया। आरोप है कि उसने शादी का झांसा देकर एक तलाकशुदा से करीब दो साल तक संबंध बनाता रहा। वहीं अब उसकी शादी कहीं और तय हो गई और शुक्रवार को उसकी बारात जानी थी।

गैर इरादन हत्या के अभियुक्त को दस साल कठोर कारावास की सजा

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। सिसेंडी गांव में 2011 में पैसो के लेनदेन में युवक रिजवान की उसके साथी मो०इसरार ने बुरी तरह पिटाई के बाद जगंल में फेक दिया था जिसके बाद युवक रिजवान की मौत हो गयी थी ।मृतक के परिजनो की तहरीर पर आरोपी मो० इसरार पर पुलिस ने गैर इरादन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था ।अभियुक्त इसरार को सजा दिलाने के लिये लखनऊ पुलिस व अभियोजन विभाग संयुक्त रूप से प्रयासरत था, बीते शुक्रवार को अभियोजन व पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पीसी एक्ट-8 ने अभियुक्त इसरार को दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 50हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया ।डीसीपी दक्षिणी विनीत जायसवाल ने बताया अभियुक्त मो० इसरार को न्यायालय से सख्त सजा दिलाने के लिये प्रभारी निरीक्षक वीरेन्द्र त्रिपाठी व लोक अभियोजक एडीजीसी मो०इन्तजार अहमद गाजी व कोर्ट पैरोकार कांस्टेबल उत्तम कुमार व महिला कांस्टेबल साधना बराबर पैरवी कर रहे थे, उक्त सभी की न्यायालय में मजबूत पैरवी से ही अभियुक्त मो०इसरार को दस साल के कठोर कारावास की सजा समेत 50हजार के अर्थदंड से दंडित किया गया हैं।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई लखनऊ की आज बैठक

लखनऊ, मोहनलालगंज क्षेत्र के ग्राम कोराना में आई. आई.ए.एस.आर.टी. परिसर में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला इकाई लखनऊ की बैठक कराई जाएगी जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉक्टर प्रमोद पांडे और संगठन मंत्री अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा वक्ता डॉक्टर सत्येंद्र कुमार मिश्रा संयोजक, सचिव अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, उपस्थित रहेंगे इस कार्यक्रम की जानकारी अच्युतानंद पाठक संयोजक अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला लखनऊ ने दी और कार्यक्रम उपरांत माता अन्नपूर्णा का प्रसाद भी वितरण किया जाएगा

श्री सीताराम विवाह महोत्सव में आ रहे हैं यूपी निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन

अमन लेखनी समाचार

अलीगढ़। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन सहकार भारती, उत्तर प्रदेश के महामंत्री व यूपी राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन 17 दिसंबर को अलीगढ़ आ रहे हैं। वह अचल ताल स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ गिलहराज जी हनुमान मंदिर पर आयोजित श्री सीताराम विवाह महोत्सव में अपराह्न 2 बजे शामिल होंगे। सहकार भारती के अलीगढ़ विभाग संयोजक अंशुल राठौर ने बताया कि निदेशक डॉ प्रवीण सिंह जादौन प्रातः 11 बजे निरीक्षण भवन में सहकार भारती व सहकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से वार्ता करेंगे। उसके बाद वह श्री सीताराम विवाह महोत्सव में सम्मिलित होंगे।

संक्षेप

बीमारी से ग्रसित सभासद की हुई मौत कस्बे में शोक की लहर

हसनगंज, उन्नाव। कस्बा मोहान के वार्ड 4 कजियाना मोहल्ले के सभासद प्रकाश रावत का बीमारी से शुक्रवार रात निधन हो गया।जिसकी सूचना से कस्बे मे शोक की लहर दौड़ गई।निधन से पुत्र अशोक,राज कुमार,राज करन ,पुत्री किरन,सुमन,रूमन व पत्नी गंगा देई का रो रोकर बुरा हाल हो गया। निधन से पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम रावत, चेयरमैन समर जीत यादव,सपा नेता डा आंचल वर्मा,कपिल निगम,संतराम यादव ,सभासद जितेंद्र रावत, बड़क्के कश्यप,वतन गुप्ता,शशांक सिंह,मोहसिन कुरैशी,हर्ष श्रीवास्तव आदि ने शोक प्रकट किया।

नशे में धुत्त होमगार्ड ने तहसील परिसर में जमकर काटा हंगामा

सफीपुर, उन्नाव। स्थानीय तहसील परिसर में तहसीलदार की सुरक्षा में तैनात होमगार्ड ने बीतीरात उनके आवास के बाहर जमकर हंगामा काटा। प्रभारी तहसीलदार ने उसे चेतवानी देकर शांत रहने को कहा लेकिन नशे में धुत होम गार्ड ने बात को अनसुनी कर दिया और अपना क्रम जारी रखा प्रभारी तहसीलदार ने पुलिस के सुपुर्द कर कार्यवाही के निर्देश दिए। मेडिकल परीक्षण में अल्कोहल की पुष्टि होने पर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहसील कार्यालय से शिकायत पत्र मिलते ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी। तहसीलदार की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात होमगार्ड गोविंद कुमार व सरोज तिवारी बीतीरात तहसील परिसर में ड्यूटी पर तैनात थे।जहा वो तहसीलदार व नायब तहसीदार के आवास के बाहर होमगार्ड सरोज कुमार तिवारी शराब के नशे में धुत्त हंगामा करने लगा।और नशे में धुत होमगार्ड ने जमकर उत्पात मचाया हंगामा करने की आवाज सुनकर प्रभारी तहसीलदार का दायित्व निभा रहे नायब तहसीलदार धीरेश कुमार की नींद खुल गयी।वह कमरे के बाहर निकल कर हंगामा कर रहे होमगार्ड को चेदावनी देकर शांत रहने को कहा लेकिन उसने एक न सुनी।जिस पर नायब तहसीलदार धीरेश कुमार ने उसे पुलिस के सुपुर्द कर कार्यवाही के निर्देश दिए।प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मेडिकल परीक्षण में अल्कोहल की पुष्टि हुई है।तहसील कार्यालय से शिकायत पत्र मिलते ही अग्रिम कार्यवाई की जायेगी।

दो पक्षों में हुई मारपीट पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

बीघापुर,55 उन्नाव। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई पुलिस ने दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर मारपीट की धारा में मुकदमा पंजीकृत कर लिया बारासगवर थाना क्षेत्र के हअंतर्गत ग्राम डंडे खेड़ा निवासी रामपाल पटेल पुत्र बसंत लाल पटेल के बीच ग्राम बाबू खेड़ा निवासी गुलाब कनपुरिया राजेश गुलाब कनपुरिया की पत्नी एक व्यक्ति अज्ञात के द्वारा गाली गलौज जान से मार देने की धमकी वह लाठी डंडों से मारपीट हो गई जिसमें रामपाल के गंभीर चोटे आई रामपाल के द्वारा दिए गए तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

सीएचसी अधीक्षक ने सीज किया अवैध क्लीनिक

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। थाना क्षेत्र केअंतर्गत हसनपुर गांव निवासी रामनाथ ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर वाई की गांव में अवैध तरीके से क्लीनिक संचालित हो रहे है शिकायत कर्ता ने अरविंद पुत्र रामचंद्र पर आरोप लगाया कि मरीज को भर्ती करने की व्यवस्था क्लीनिक में चल रही है। और जब मरीज सीरियस हो जाता है तो उसको लखनऊ के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराकर मोटी रकम वसूलने का काम किया जा रहा है। वही शिकायत मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर अनूप तिवारी जांच के लिए मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि क्लीनिक का न तो रजिस्ट्रेशन है और न ही उनके पास अनुभवी डॉक्टर हैं।स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी ने गलत तरीके से संचालित हो रहे हैं क्लीनिक को सीज कर दिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ अनूप तिवारी से अवैध क्लीनिक के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य टीम के द्वारा समय समय पर जांच की जाती है।

संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने निगला जहरीला पदार्थ

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने निंगला जहरीला पदार्थ हालत बिगड़ने पर परिजनों ने गंभीर हालत में मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा हैदराबाद के मोहल्ला आजाद नगर निवासी सूरज उम्र 20 वर्ष पुत्र मंगू जो चाट का ठेला लगाता जिसने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीला पदार्थ निंगल लिया हालत बिगड़ने पर परिजनों को जानकारी हुई तब परिजनों ने गंभीर हालत में मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

ई-रिक्शा से टकराया बाइक सवार, हालत गंभीर

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाइक सवार युवक ई रिक्शा से टकराकर गंभीर रूप से हुआ घायल स्थानीय लोगों ने घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। औरास थाना क्षेत्र के गांव चौधरी खेड़ा मजरा सिधूर निवासी अर्जुन उम्र 28 वर्ष पुत्र विनोद कुमार बाइक से अपने रिश्तेदारी में आसीवन थाना क्षेत्र के गांव सकतपुर जा रहा था तभी उन्नाव संडीला मार्ग पर कस्बा हैदराबाद के समीप पौशाला चौराहा के पास विपरीत दिशा से आ रहे ई रिक्शा से टकरा कर गंभीर रूप से घायल हो गया स्थानीय लोगों ने घायल को मियागंज सीएचसी में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 205 मामले,10 का हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। सम्पूर्ण तहसील दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे ने किया जिसमें 205 मामले पहुंचे जहां 10 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुख्यालय सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंची जिलाअधिकारी ने फरियादियों की फरियाद सुनते हुए 205 शिकायतो में दस मामलों का मौके पर निस्तारण करवाया जिसमें राजस्व 119, पुलिस 34, विकास 12, विधुत 13व अन्य 36, मामले पहुंचे। ग्राम अजयपुर निवासिनी बिटइया पत्नी अजयकुमार ने शिकायती पत्र देते हुऐ बताया कि उसका पति अस्वस्थ्य रहते है जिसकी वजह से कही काम पर नही जाते है उसके पाँच छोटे छोटे बच्चे बुजुर्गी मकान मे रह रहे है जब बारिश के समय मे छत टपकती है जिससे कभी भी कोई घटना हो सकती है उसको शौचालय का भी लाभ आज तक नही मिला जिससे पूरा परिवार शौच के लिऐ आज भी जंगलो मे जाता है। जबकि छूलामऊ प्रधान संदीप कुमार ने बताया कि ग्रामपंचायत छूलामऊ के प्राथमिक पाठशाला बसनोहा मे बने विधालय पर ब्यय रुपए व उसका रिकवरी 2016 मे विभाग को हो गया है।जिसमे शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही के कारण 10 वर्ष बाद भी विधालय भवन को न तो पूर्ण कराया गया नही विधालय मे किसी प्रकार की अतरिक्त कक्ष , रसोईघर , व अन्य सुविधाओ के लिऐ विधालय का चयन किया गया था।दो साल से लगातार विभाग के सम्पर्क मे होने के बावजूद आज तट उसका निर्माण न हो सका। इस दौरान दिवस में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ मीणा, उपजिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुरवा, तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, राजस्व कर्मी, आदि मौजूद रहे।

आठ फीट लंबा निकला अजगर, मचा हंडकंप

अमन लेखनी समाचार

हसनगंज, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के मोहान के पास पुछडा चौराहे के जिन्दासपुर निवासी हरिपाल के नवनिर्मित मकान के पीछे खेत में 8 फिट लंबा अजगर देख लोगो में हंडकंप मच गया किसानो ने वन विभाग को सूचना दी।सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने अजगर पकड़ कर वन विभाग के जंगल में छोड़ दिया।वन क्षेत्राधिकारी राजवीर सिंह ने बताया अजगर पकड़ कर जंगल में छोड़ दिया गया है।

कोटेदार पर घटतौली का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

औरास, उन्नाव। विकासखंड औरास के अंतर्गत एक कोटेदार पर राशन घटतौली का आरोप लगा सोशल मीडिया पर चैट वायरल हो गई जोकि क्षेत्र में चर्चा का केन्द्र रही विकासखंड औरास के ग्राम पंचायत टिकराबाव के मजरा प्रताप खेड़ा के कोटेदार करुणा शंकर चौरसिया पर एक युवक ने सोशल मीडिया के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुपों पर राशन घटतौली का आरोप लगाया उसने ग्रुपों पर लिखा कि जिस घर में चार यूनिट है उनको तीन यूनिट का राशन दिया जा रहा है एक यूनिट का राशन गायब किया जाता है और जिस लड़की की शादी हो जाती है उसका भी राशन कोटेदार के द्वारा गायब कर दिया जाता है अंत्योदय कार्ड धारक को 35 की जगह 30 किलो ही राशन दिया जा रहा है। जो कि यह घटतौली का संदेश सोशल मीडिया पर जाते ही लोगों में चर्चा का विषय बन गया हालांकि अमन लेखनी अखबार ऐसे किसी वायरल चैट की प्रमाणिकता नही करता हैइस संबंध में पूर्ति निरीक्षक से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया

मूर्ति चोरी का खुलासा न होने से आहत बैग में ज्वलनशील पदार्थ लेकर समाधान दिवस में पहुंचा युवक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुरवा तहसील में उस वक्त हड़कंप मच गया जब मंदिर की मूर्तियां चोरी का खुलासा न होने से आहत युवक बैग में ज्वलनशील पदार्थ की बोतल लेकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंच गया। जानकारी होने पर पुलिस कर्मियों ने युवक से बैग छीनकर उसे समझाने का प्रयास किया। युवक का आरोप है कि बीते 6 माह पूर्व मूर्तियां चोरी होने के बाद से उसे सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। आलाधिकारियों ने जल्द खुलासा करने का आश्वासन दिया है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के त्रिपुरारपुर गांव के रहने वाले भीम शंकर ने बताया कि उसके गांव में पुराना ठाकुर द्वारा मंदिर बना है। जहां से 6 माह पूर्व सीता व राधा की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी हो गई थीं। जिससे वह लगातार थाने के चक्कर काट रहा है। जहां उसे सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है।इससे आहत होकर उसने सोच लिया कि ऐसे में उसका जीना ठीक नहीं है। क्योंकि जब भगवान ही न रहे तो उसके रहने का क्या मतलब है। पुलिस का सहारा था लेकिन वह भी उसे परेशान कर रही है। शनिवार को पुरवा तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पीड़ित भीम शंकर आत्मदाह के इरादे से बैग में ज्वलनशील पदार्थ की बोतल लेकर डीएम अपूर्वा दुबे व एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना के सामने पहुंच गया। बैग में ज्वलनशील पदार्थ होने की जानकारी पर वहां मौजूद पुलिस कर्मियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन पुलिस कर्मियों ने बैग छीनकर कर उसे समझाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने मामले को बहुत जल्द खुलासे का आश्वासन दिया है।

पुलिस ने हत्या का किया खुलासा, दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। कई दिन पूर्व हुए युवक की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो युवकों को किया गिरफ्तार कर जेल भेज दिया थाना बीघापुर के अंतर्गत ग्राम जंगली खेड़ा के पास खेतों में रोड के किनारे एक युवक का शव बीती 11/12 दिसंबर को मिला था जिसकी पहचान अखिलेश पुत्र रतन लाल निवासी पड़री थाना पुरवा हालमुकाम ग्राम पाही हरदो थाना बीघापुर क्षेत्र में अपनी रिश्ते दारी में रहता था रात में किसी के द्धारा हत्या किए जाने को लेकर क्षेत्र में चर्चा थी मृतक के भाई के द्धारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने जांच प्रारम्भ किया व जांच में हत्या में शामिल अभि प्रकाश पुत्र शिव बालक निवासी इझौली थाना दही व ज्ञानू उर्फ सुधांशु सिंह पुत्र विनोद कुमार सिंह निवासी वार्ड नंबर 4 दुगार्गंज नबाबगंज हत्या में शामिल पाया हत्या के समय मोटर साइकिल से आए थे घटना को अंजाम देकर निकल गए थे पुलिस ने ग्राम मियागंज के पास से दोनो को गिरफ्तार किया पुलिस हिरासत में अभियुक्तों ने बताया कि पैसे का लेनदेन था जिसके कारण हम लोगों ने साजिश के तहत हत्या की है पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को हत्या के अपराध में पंजीकृत मुकदमे में जेल भेज दिया।

ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकास खंड क्षेत्र के बड़ादेव बम्हना में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख अतिथि क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने सम्मिलित होकर बच्चों के द्वारा खेले गये विभिन्न खेल एवं प्रस्तुत किए गए कायक्रमों को देखकर उनका उत्साह वर्धन किया एवं प्रतियोगिता में विजयी सभी बच्चों को पुरस्कार वितरित किया नन्हे बच्चो के द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रमों को देखकर मन भावविभोर हो उठा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चो को उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामनाएं इस अवसर पर कार्यक्रम में सफीपुर की खण्ड शिक्षा अधिकारी अनीता शाह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, संगीता सिंह शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश सहित भाजपा पार्टी के सम्मानित पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

तहसील सभागार में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। अपर जिलाअधिकारी न्यायिक की अध्यक्षता में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस जिसमे कुल 42 शिकायत पत्र आए दो शिकायत पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाअधिकारी न्यायिक विकास कुमार की अध्यक्षता में हुआ जिसमे राजस्व के 13 पुलिस 9 समाज कल्याण 3 विकास 3 विद्युत विभाग 7 पूर्ति विभाग 2 अन्य 5 मामले आए जिसमे राजस्व का एक अन्य एक मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया इस मौके पर उप जिलाधिकारी प्रज्ञा पांडेय तहसीलदार समेत समस्त अधीनस्थ कर्मचारी मौजूद रहे।

पुस्तकों के अध्ययन के साथ प्रायोगिक अध्ययन जरूरी : मिनी बर्मा प्राचार्य

केन्द्रीय विद्यालय ललितपुर ने की फील्ड ट्रिप के माध्यम से शिक्षण की विशेष व्यवस्था

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट लिखा है कि आज के प्रतिस्पर्धी माहौल में छात्र छात्राओं को सफलता पाने के लिए केवल किताब पर निर्भर रहने की जरूरत नहीं है।ऐसे में छात्र/ छात्राओं को अच्छे से सिखाने के लिए, शैक्षिक भ्रमण पर ले जाना जरूरी है जिसे एक्सपीरियंस लर्निंग या प्रायोगिक ज्ञान कहते हैं। इससे विद्यार्थी स्वयं अलग अनुभव प्राप्त कर सकते हैं और विभिन्न नवीन बातें सीख सकते हैं।इसी को चरितार्थ करने हेतु केन्द्रीय विद्यालय ललितपुर की प्राचार्य सुश्री मिनी वर्मा जी ने वरिष्ठ शिक्षक श्री आर.के. त्रिपाठी जी के साथ मिलकर शिक्षण के क्षेत्र में नवाचार हेतु फील्ड ट्रिप के माध्यम से छात्र/छत्राओं के ज्ञान की वृद्धि के लिए विद्यालय के द्वारा सोलर पावर प्लांट, अमरपुर ललितपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, ललितपुर की फील्ड ट्रिप की योजना बनाई और विद्यालय के छात्र छात्राओं को दो बसों के माध्यम से 29.11.2023, 1.12.2023, एवं 2.12.2023 को दिन में दो-दो शिफ्टों में सोलर पावर प्लांट, अमरपुर, ललितपुर एवं 15.12.2023 एवं 16.12.2023 को कृषि विज्ञान केन्द्र ललितपुर की फील्ड ट्रिप पर भेजा। उपरोक्त यात्राओं के माध्यम से छात्र/छात्राओं को सोलर पावर प्लांट अमरपुर, ललितपुर एवं कृषि विज्ञान केन्द्र ललितपुर की विभिन्न कार्यप्रणालियों एवं गतिविधियों को सीखने का अवसर मिला जो उनके भविष्य के लिए कहीं न कहीं उपयोगी इन फील्ड ट्रिप में छात्र/छात्राओं ने विशेष रुचि जाहिर की।

विधायक ने वितरण किया आयुष्मान कार्ड एवं स्वीकृत पत्र

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। विकसित भारत संकल्प यात्रा' के अंतर्गत अपने विधानसभा क्षेत्र के विकास खंड सफीपुर की ग्राम पंचायत इब्राहिमाबाद के मजरा सनहा में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक बंबा लाल दिवाकर ने सम्मिलित होकर लोगों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराते हुये लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड एवं स्वीकृति पत्र वितरित किए एवं उपस्थित जनमानस को संबोधित कर राष्ट्र के प्रति पूर्ण समर्पण एवं कृतज्ञता के भाव से आदर्श नागरिक के दायित्वों का निर्वहन करने का संकल्प दिलाया।प्रधानमंत्री के आवाहन के बाद विकसित भारत का संकल्प सबको विकास के पथ पर साथ लेकर चलने का संकल्प है। इसका उद्देश्य उन लोगों तक सरकारी योजनाओं और लाभों को पहुंचाना है जो पीछे रह गए है इस मौके पर मीडिया प्रभारी राजू चौहान ब्लाक कर्मी समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

अधिशाषी अधिकारी ने वार्डों में घूमकर किया निरीक्षण

नवनिर्मित पुस्तकालय भवन का किया निरीक्षण, सड़क पर बंधे पशुओं बस को देख भड़के पशुपालकों को दी अंतिम चेतावनी

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर, कस्बा पाली के वार्ड नंबर 5 हजारिया महादेव बस्ती में उसे समय मच गई जब अधिशासी अधिकारी मनीष कुमार पहुंचे पैदल चलकर निरीक्षण करने पहुंचे। उपजिलाधिकारी/अधिशाषी अधिकारी मनीष कुमार ने नवनिर्मित पुस्तकालय भवन के व्यवस्थाएं हेतु निरीक्षण किया। जहां पर अधिशाषी अधिकारी ने नवनिर्मित पुस्तकालय भवन में जो भी व्यवस्थाओं में कमी है।उनके लिए जल्द से जल्द पूर्ण करने को कहा। एवं नवनिर्मित पुस्तकालय भवन के चारों तरफ साफ सफाई बनाए रखने के लिए सफाई कर्मचारी को आदेश दिया। जिसकेबाद उन्होंने पैदल ही चलकर वार्ड नंबर 5 हजारिया महादेव बस्ती में घूमकर साफ सफाई का जायजा लिया बस्ती की सड़कों पर पशुओं को बंधा देखकर भड़क गए। अधिशाषी अधिकारी ने तत्काल पशुपालकों बुलाकर अंतिम चेतावनी देकर छोड़ा। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि अगली बार अगर किसी के पशु सड़क पर दिखाई दिए तो कार्यवाही की जाएगी।

चिंतन

संसद की सुरक्षा में चूक गंभीर मामला

संसद में बुधवार को जो हुआ, वह पहले कभी नहीं हुआ। वर्ष 2001 में जब संसद पर आतंकी हमला हुआ था, उस दिन भी हमलावर आतंकी संसद के अंदर नहीं पहुंच पाए थे, उन्हें बाहर ही मार गिराया गया था, पर आज आरोपी न केवल संसद के अंदर में घुसे, बल्कि निम्न सदन के अंदर पीले धुएं वाला स्प्रे भी फैला दिया। नए संसद भवन में सदन की कार्यवाही चल रही है। चाक-चौबंद सुरक्षा वाले इस संसद भवन में दो लोगों का अंदर घुसना व दो लोगों का बाहर प्रदर्शन करना संसद की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाता है। यूं तो 2001 की संसद हमले की घटना के बाद से संसद की सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गई है, परिंदा भी पर नहीं मार सकता, लेकिन आज लोकसभा की कार्यवाही के दौरान अपराह्न करीब एक बजे दर्शक दीर्घा से अचानक दो लोगों का सदन के भीतर कूदना, धुआं फैलाना व नारे लगाना, सुरक्षा चूक का बड़ा मामला है। यह देश की संप्रभुता पर हमला है। हालांकि लोकसभा में घुसपैठियों को तुरंत पकड़ लिया गया और संसदीय सुरक्षा सेवा मामले की जांच कर रही है, पर आरोपी ऐसा करके जो भी संदेश देना चाहते थे, पर यह आपराधिक कृत्य है। ऐसे लोगों पर कानूनी रूप से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। यह कतई माफी के लायक नहीं हैं। सरकार के खिलाफ या सिस्टम के खिलाफ नाराजगी जताने का यह तरीका एकदम गलत है। लोकतंत्र में ऐसे तरीके की इजाजत नहीं है। संसद की इस सुरक्षा चूक पर राजनीति भी नहीं होनी चाहिए, जैसा विपक्ष कर रहा है, सरकार पर हमलावर है। राज्यसभा में विपक्ष ने लोकसभा में सुरक्षा चूक की घटना को लेकर हंगामा करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से एक बयान देने की मांग की है। हमें हर मुद्दे को राजनीतिक रंग देने का प्रयास नहीं करना चाहिए। यह सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। संसद पर हमले की बरसी पर अपने प्राण न्यौछावर करने वालों को सांसदों द्वारा श्रद्धांजलि दी जा रही थी। घुसपैठियों द्वारा संसद पर हमले की बरसी का दिन चुनना आतंकी साजिश की आशंका पैदा करता है। जिस तरह से वे संसद में पहुंच गए थे, अगर कोई बड़ी अनहोनी हो जाती तो, क्या होता? लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन के भीतर दो लोगों के कूदने की घटना को गंभीर करार देते हुए कहा कि इसकी उच्च स्तरीय जांच की जा रही है, जिसके निष्कर्ष के आधार पर कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। बिरला ने सदन में यह भी कहा कि संसद की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा होगी तथा सभी दलों के नेताओं से विचार-विमर्श करने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में जरूरी सुधार भी किए जाएंगे। लोकसभा में कूदने वाले दोनों व्यक्तियों को रोकने और दबोचने में मुस्तैदी एवं निडरता दिखाने के लिए सांसदों, सुरक्षाकर्मियों एवं कर्मचारियों की सराहना की जानी चाहिए। आज जो आज घटना घटी है वह सरकार के लिए चिंता का विषय है। यह लोकसभा या राज्यसभा का सवाल नहीं है। सवाल है कि इतनी बड़ी सुरक्षा के बीच दो लोग कैसे घुसने में कामयाब रहे? संसद की सुरक्षा की समीक्षा होनी चाहिए। हमारे सांसद जिनको भी सदन में आने के लिए सिफारिश करते हैं, वे सतर्क रहते हुए पूरी छानबीन के बाद ही ऐसा करें। कैश फॉर क्वेरी मामले में महुआ मोइत्रा मामले में हम सबने देखा कि हमारे सांसद सुरक्षा को लेकर कितने लापरवाह हैं। गृह मंत्रालय को संसद की सुरक्षा की त्वरित समीक्षा करनी चाहिए। भविष्य में ऐसी किसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। संसद के अंदर व बाहर किसी भी तरह के आपराधिक कृत्य अक्षम्य होना चाहिए।

मुद्दा

डॉ. रमेश ठाकुर

सवालों में संसद की सुरक्षा

शीतकालीन सत्र के 10वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ बहुत बड़ा होना मुकर्रर था। क्योंकि आज से 22 बरस पहले आतंकियां द्वारा दिया एक नासूर जख्म जो प्रत्येक 13 दिसबंर की तारीख के दिन याद करके हरा हो जाता है। खैर, कल गनीमत ये समझें कि संभावित घटना 'पीले रंग' तक ही सीमित रही, वरना हो कुछ 'काला' भी हो सकता था। 13 तारीख वैसे भी संसदीय परंपरा के लिए 'काली तारीख' ही है। केंद्र सरकार इस अधूरी घटना को हल्के में कतई न लें। आरोपियों की बुनी साजिश के जड़ तक जाना होगा? क्या उनका मकसद दहशत फैलाना मात्र था या कुछ और? फिलहाल ऐसे तमाम सवाल खड़े हो चुके हैं। अव्वल तो इस घटना को घोर लापरवाही और सुरक्षातंत्र की नाकामी ही कहेंगे। बहरहाल, संसद तो नई-नवेली है, जिसे अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बताया जाता है, लेकिन घटना जिस अंदाज में घटी उससे साफ है कि साजिश की तासीर बहुत कुछ और थी। आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पाएगा, पर लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किए सुनिश्चित हो। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? उन्हें खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और ही है? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती हैं। संसद की एक-एक ईट पर चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। पीला धुआं फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही होगा। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। पीले रंग में छिपे काले संदेश को समझा होगा। गनीमत ये समझें कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर असलहा-वगैरा होता तो वो इस्तेमाल भी कर सकते थे, क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र के आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। जबरदस्त सुरक्षा पहरे को धता बताकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के भीतर आरोपी अफरा-तरफी मचा देते हैं। विजिटर बनकर संसद की कार्यवाही देखने पहुंचे हैं। दर्शक दीर्घा में करीब चार-पांच घंटे बिताते हैं और लंच से पहले अचानक छलांग लगाकर सांसदों की कुसियों तक जाते हैं। पीले रंग का 'स्मोक बम' फोड़ देते हैं। शुरुआती पूछताछ में एक आरोपी अपना नाम सागर सरना बताया है और मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिन्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। वो झूठ बोल रहा है या सच? ये जानने के लिए उसका नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जिसे कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी भी बताते हैं, पता लगाने की दरकार है। संसद में सुबह तक सब कुछ नॉर्मल था, 22 वर्ष पूर्व हुए हमले की बरसी थी जिस पर सभी सांसदों ने शहीदों को श्रद्धांजलि दी और उसके बाद रोजाना की भांति सत्र की कार्यवाही में हिस्सा लेने जाते हैं। किसी को थोड़ा सा भी अंदेशा नहीं था कि नई संसद में भी कोई ऐसी भी हरकत कर सकता है। संसद सदस्य सभी आश्वस्त थे कि नई संसद सुरक्षा मानकों से अभेद है। बावजूद आरोपी चार नंबर गेट से विजिटर बनकर प्रवेश कर जाता है। क्या आरोपी 'स्मोक बम' के जरिए कोई संदेश फैलाना चाहता था, ये फिर उसे मात्र पब्लिसिटी चाहिए थी। हालांकि ऐसे सभी सवालों की लंबी लिस्ट बनाकर स्थानीय पुलिस और अन्य जांच एजेंसियां पूछताछ में लगी हैं

युवा बनाएंगे विकसित भारत की तस्वीर

एआई

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

> इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता दिखाई देगा।

12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वैश्विक साझेदारी' (जीपीएआई) पर शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि एआई 21वीं सदी में विकास का सबसे बड़ा जरिया बन सकती है। ऐसे में भारतीय युवाओं में शीघ्र ही एआई कम्प्यूटरिंग क्षमता को बढ़ाने का व्यापक अभियान शुरू किया जाएगा, जिसके तहत देशभर में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के मौजूदा नेटवर्क का इस्तेमाल टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में युवाओं को एआई कौशल सिखाने में भी होगा। इससे देश की नई पीढ़ी स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ाते हुए मानवीय मूल्यों के साथ देश के तेज विकास के लिए आगे बढ़ेगी।

इसी तरह 11 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के राजभवनों में आयोजित 'विकसित भारत @ 2047: युवाओं की आवाज कार्यक्रम' को वर्चुअली संबोधित करते हुए युवाओं को संदेश दिया कि यह भारत का अमृतकाल है और भारत के इतिहास का ऐसा कालखंड है जब देश की नई पीढ़ी राष्ट्र निर्माण के संकल्प को मुट्ठी में लेकर लंबी छलांगें लगाते हुए 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के सपने को साकार कर सकती है। गौरतलब है कि नीति आयोग की ओर से 10 दिसंबर को देश के विकास पर एक परिपत्र जारी करते हुए कहा गया है कि केंद्र सरकार की ओर से जिस तरह प्रधानमंत्री कौशल विकास, समग्र शिक्षा, जनधन योजना, स्टार्टअप इंडिया और उच्च व तकनीकी शिक्षा के विस्तार कार्यक्रम सफलतापूर्वक आगे बढ़ाए गए हैं, उनसे भारत डिजिटल कौशल से सुसज्जित नई पीढ़ी और तेज आर्थिक विकास के दम पर 2027 में दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था और 2047 में 30 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनते हुए विकसित देश बनते हुए दिखाई दे सकेगा। यकीनन इन दिनों प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में एकमत से डिजिटल कौशल और तेज आर्थिक विकास के कारण युवाओं के लिए देश और विदेश में रोजगार के मौके बढ़ने और वैश्विक मंदी की चुनौतियों के बीच भारत के तेजी से विकास की ओर बढ़ रही डगर रेखांकित हो रही है। जहां देश अपने पास दुनिया की सर्वाधिक 6.5 फीसदी विकास दर रखते हुए रोजगार के नए अवसर निर्मित करते हुए दिखाई दे रहा है, वहीं तेजी से बढ़ती देश की अर्थव्यवस्था की अहमियत को समझते हुए दुनिया के उद्यमियों और प्रवासी भारतीयों के कदम भी भारत की ओर बढ़ रहे हैं। हाल ही में सिंगापुर फिनटेक फेस्टिवल में हिस्सा लेते हुए उद्योग संगठन नैस्कॉम के पूर्व चेयरमैन सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है और देश की विकास गाथा में शामिल होने के लिए अमेरिका और यूरोप सहित दुनिया भर से भारतीय उद्यमी वापस अपनी मातृभूमि की ओर लौट रहे हैं। उल्लेखनीय है कि हाल ही में ब्रिटेन के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारतीय कुशल श्रमिकों, डॉक्टरों और छात्रों ने ब्रिटेन की वीजा सूची में अपनी ऊंचाई कायम रखी है। जुलाई 2022 से जून 2023 के एक वर्ष में सबसे ज्यादा

भारतीयों को ही ब्रिटेन का वीजा मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021 से 2022 के बीच भारतीयों को स्किल्ड वर्कर्स वीजा में करीब 63 फीसदी की बढ़ोतरी सामने आई है।

इसी तरह हाल ही में प्रकाशित ब्लूमबर्ग की नई रोजगार रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल सरकार ने एक लाख भारतीयों युवाओं को इजराइल में नौकरी के लिए भारत सरकार से अनुमति मांगी है। इसी तरह भारत और ताइवान के बीच नौकरियों को लेकर एक अहम समझौता अतिशीघ्र ही होने की उम्मीद है। इस समझौते के तहत ताइवान में भारत के एक लाख श्रमिकों को नौकरी मिलेगी। दरअसल ताइवान में बेरोजगारी दर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई है। उसे मैन्युफैक्चरिंग, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिकों की जरूरत है, जो उसे अपने देश में नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में ताइवान ने इस परिप्रेक्ष्य में भारत की तरफ समझौते के हाथ बढ़ाए हैं। ज्ञातव्य है कि श्रमिकों की मोबिलिटी को लेकर भारत का जापान, आस्ट्रेलिया, फ्रांस समेत 13 देशों के साथ समझौता हो चुका है। इनमें से ज्यादातर देश आबादी के बूढ़े होने की समस्या से कौशल प्रशिक्षित नई पीढ़ी के श्रमिकों की भारी कमी का सामना कर रहे हैं। इन दिनों पूरी दुनिया में अर्थविशेषज्ञ एवं जनसंख्या विशेषज्ञ यह टिप्पणी करते हुए दिखाई दे रहे हैं कि सर्वाधिक युवा आबादी वाला भारत चीन की तरह अपनी युवा आबादी को गुणवत्तापूर्ण एवं नए दौर के डिजिटल कौशल से सुसज्जित कर दुनिया की नई आर्थिक शक्ति बन सकता है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक एक अरब 42 करोड़ 86 लाख आबादी के साथ भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया है। जबकि दूसरे स्थान पर चीन की इस रिपोर्ट के मुताबिक युवा आबादी के मामले में भारत की स्थिति चीन से अच्छी है। जहां इस समय भारत की करीब 50 फीसदी आबादी 25 साल में कम उम्र की है। वहीं 25.4 करोड़ आबादी 15 से 24 वर्ष के आयु वर्ग में है। भारत की 66 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम उम्र की है। भारत डिजिटल टेक्नोलॉजी के कारण आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ड्रोन, रोबोटिक्स, ग्रीन एनर्जी, चौथी औद्योगिक क्रांति और डिजिटल पेमेंट की डगर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे में नई पीढ़ी को देश और दुनिया में बढ़ती हुई रोजगार की नई संभावनाओं के मद्देनजर अच्छी अंग्रेजी, कम्प्यूटर-आईटी दक्षता, कोडिग स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, जनसंचार, वेब डिजाइन, कौशल बाजार अनुसंधान, आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस, ऑटोमेशन, क्लाउड कम्प्यूटिंग, मशीन लर्निंग, डेटा साइंस जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों से भी सुसज्जित किया जाना होगा। अब देश में स्किल इंडिया डिजिटल से कौशल, शिक्षा और उद्यमशीलता के लिये डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का पूरा लाभ लेते हुए नई पीढ़ी के लिए अधिक से अधिक रोजगार अवसर निर्मित किए जाने होंगे। साथ ही देश में इस वर्ष 2023-24 से शुरू प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना 4.0 के माध्यम से देश के युवाओं को निर्धारित किए गए तकनीक क्षेत्रों में बड़ी संख्या में कौशल और प्रशिक्षण से सुसज्जित करके रोजगार की डगर पर आगे बढ़ाना होगा। निश्चित रूप से भारत के ये आर्थिक आधार विकसित भारत की संभावनाओं के आधार हैं। विकसित देश बनने के लिए 2047 तक लगातार 7 से 8 फीसदी की दर से बढ़ना होगा।

हम उम्मीद करें कि जिस तरह 11 और 12 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के अमृतकाल में नई पीढ़ी को विकास के लिए लंबी छलांग लगाने के जो मंत्र सौंपे हैं, उनके मद्देनजर देश के युवा और शासन-प्रशासन समन्वित रूप से दुनिया में सामर्थ्यवान भारत की तस्वीर बनाते हुए आगे बढ़ेंगे और वर्ष 2047 तक देश विकसित देश के रूप में रेखांकित होता हुआ दिखाई देगा।

चेतना का मूल आधार है अस्तित्व का ज्ञान

संकलित

दर्शन

जब हम दर्शनशास्त्र का अध्ययन करते हैं, तो हमें यह ज्ञान होता है कि संपूर्ण विश्व एक है। आध्यात्मिक, भौतिक, मानसिक तथा प्राण-जगत भिन्न-भिन्न नहीं हैं। समस्त विश्व, यहां से वहां तक, एक है। बात इतनी ही है कि अलग-अलग दृष्टिकोण से देखे जाने के कारण वह विभिन्न प्रतीत होता है। 'मैं शरीर हूं, इस भावना से जब तुम अपनी ओर देखते हो तो यह भूल जाते हो कि मैं मन भी हूं'। और, जब तुम अपने को मनोरूप में देखने लगते हो, तो तुम्हें अपने शरीरत्व की विस्मृति हो जाती है। विद्यमान वस्तु केवल एक है और वह तुम हो। वह तुम्हें जड़ या शरीर के रूप में अथवा मन या आत्मा के रूप में दिख सकती है। जन्म, जीवन, मरण ये सब भ्रम मात्र हैं। न कोई कभी मरता है और ना कोई कभी जन्म लेता है। होता इतना ही है कि मनुष्य एक स्थिति से दूसरी स्थिति में चला जाता है। लोगों को मृत्यु से इतना भय पाते देख मुझे बहुत दुख होता है। वे मानो जीवन को पकड़ कर रखने की सतत चेष्टा करते रहते हैं। वे कहते हैं कि मृत्यु के बाद हमें जीवन दो। हमें मरणोत्तर जीवन दो। यदि कोई आए और उन्हें बताए कि मृत्यु के बाद भी वे विद्यमान रखेंगे, तो वे कितने आनंदित होते हैं? वस्तुतः मनुष्य के अमरत्व में मैं अविश्वास ही किस तरह कर सकता हूं? मैं मृत हूं, यह कल्पना ही मैं किस प्रकार कर सकता हूं? तुम यदि अपने को मृत सोचने की कोशिश करो तो देखोगे कि तुम अपने मृत शरीर को देखने के लिए वर्तमान हो ही। *-स्वामी विवेकानंद*

मानवता भीतर के संस्कारों से पनपती है

संकलित

प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लडके ने इंकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपये देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहाः साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा हैः मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

अंतर्मन

आज की पाती

जम्मू कश्मीर में अलगाववादी तेवर पर लगाम जरूरी

कोर्ट के फैसले ने तो जम्मू कश्मीर और भारत के बीच संवैधानिक संबंध को धार देने का फैसला किया है।राष्ट्रपति के इस विशेषाधिकार फैसले को केंद्र की जीत बताई है और केंद्र ने संविधान के दायरे में रखकर कार्य करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र की पीठ थपथपाई है। पाकिस्तान नैरेटिव फैलाने की कोशिश करने वाले घाटी में अनेक पत्रकार है। लिहाजा,आतंकवादी ताकतों को नाराज कर खुद को जोखिम में नही डाल सकते है। मोदी सरकार की वैधानिकता पर सुप्रीम की मोहर से कश्मीर गुलजार हो गया है। कश्मीरियों को जितनी खुशी हुई है शायद किसी को नही हुई होगी। मिठाई बांटकर खुशी का इजहार किया। संसद में दो विधेयक पेश कर पीओके की सीट नामित की गई है। 370 इस समय की कश्मीर के लिए और अवाम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। *- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

ट्रेंड

मेडिकल रिस्पांस सिस्टम तैयार

आज के भारत ने सबसे कम दामों में, सबसे उपयुक्त आपातकालीन मेडिकल रिस्पांस सिस्टम-भीष्म तैयार कर लिया है। यह एक ऐसी संकल्पना है जो मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में कम समय में कम कीमतों पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधा देने हेतु सक्षम है।

-मनसुख मांडविया, केंद्रीय मंत्री

सड़कों पर नरसंहार रोको

सड़कों पर प्रति मिनट 2 से अधिक मौतें होती हैं। हमारी सड़कों पर नरसंहार रोका जा सकता है। हम सभी देशों से सड़क सुरक्षा के केंद्र में कारों के बजाय लोगों को रखने का आह्वान करते हैं।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ प्रमुख

बयान दें गृहमंत्री

आज संसद में जो सुरक्षा में चूक हुई है वह गंभीर मामला है। हम मांग करते हैं कि गृह मंत्री दोनों सदनों में आकर बयान दें। ये प्रश्न है कि इतनी सुरक्षा के बावजूद कैसे दो लोग अंदर आए और गैस छोड़ी है?

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

शक्तिशाली आर्थिक रणनीति

विकसित भारत हमारे प्रधानमंत्री द्वारा शुरू की गई एक शक्तिशाली आर्थिक रणनीति है। एक विचार अर्थव्यवस्था जो तेजी से विकासशील अर्थव्यवस्था के रूप में हमारे सामने आने वाली असंख्य चुनौतियों का समाधान करती है।

-किरण मजूमदार शॉ, उद्योगपति

करंट अफेयर

'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉन आंध्र' का होगा विस्तार

अमेरिका में भारतीय-अमेरिकी द्वारा संचालित अपनी तरह के पहले विश्वविद्यालय 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का विस्तार किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय भारतीय नृत्यों और भाषाओं में पाठ्यक्रम प्रदान करता है। अब विश्वविद्यालय अपने परिसर में विस्तार कर रहा है जहां एक मेडिकल कॉलेज, अंतरराष्ट्रीय मानक का क्रिकेट स्टेडियम होगा और कृत्रिम मेधा जैसी उन्नत तकनीकों में नए पाठ्यक्रम की पेशकश की जाएगी। अमेरिकी शिक्षा विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त 'यूनिवर्सिटी ऑफ सिलिकॉनआंध्र' का वर्तमान में मिलपिटास, कैलिफोर्निया में मुख्य परिसर है।

ऑफ बीट

सोशल मीडिया दुष्प्रचार क्या है, हर व्यक्ति इसमें फंसा

सूचना युद्ध हर ओर चल रहा है, और ऑनलाइन मौजूद हर व्यक्ति इसमें फंसा है, चाहे वह इसे जानते हों या नहीं। दुष्प्रचार जानबूझकर उत्पन्न की गई भ्रामक सामग्री है जिसे स्वार्थी या दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों से फैलाया जाता है। गलत सूचना के विपरीत, जिसे अनजाने में या अच्छे इरादों के साथ साझा किया जा सकता है, गलत सूचना का उद्देश्य अविश्वास पैदा करना, संस्थानों को अस्थिर करना, अच्छे इरादों को बदनाम करना, विरोधियों को बदनाम करना और विज्ञान और पत्रकारिता जैसे ज्ञान के स्रोतों को अवैध बनाना हो सकता है। कई सरकारें दुष्प्रचार अभियानों में संलग्न हैं।

संक्षेप

अयोध्या में अज्ञात वाहन ने बाइक में मारी टक्कर

दो युवकों की हालत गंभीर, जिला अस्पताल रेफर, देर रात रायबरेली एनएच पर हुआ हादसा

मिल्कीपुर, अयोध्या में रायबरेली नेशनल हाईवे पर विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने हालात गंभीर देख जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार की देर रात अयोध्या रायबरेली हाईवे पर बाइक सवार दो युवक जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने इतना जबरदस्त टक्कर मारा कि दोनों लोग बाइक से उछलकर काफी दूर गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उपचार के लिए दोनों घायलों को उपचार के लिए सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज पहुंचाया। जहां पर तैनात डॉ. दुर्ग विजय ने अरविंद कुमार पुत्र भोला प्रसाद निवासी सालेपुर व अमरेंद्र कुमार पुत्र बद्री विशाल निवासी पारा बाजार थाना बल्दीराय की हालत गंभीर देख प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। सूत्रों की मानें तो बाइक सवार घायल अरविंद कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई है। थानाध्यक्ष का कहना है कि घायल युवकों के परिजनों की ओर से अभी तक कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलते ही संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

मिल्कीपुर में धीमी-गति से चल रहा शौचालयों का निर्माण कार्य

31 दिसंबर तक पूरा होना था काम, 4706 शौचालय निर्माण का मिला है लक्ष्य

मिल्कीपुर, स्वच्छ भारत मिशन फेज- टू के तहत शौचालय का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। योजना के तहत मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र के लिए 4706 शौचालयों के निर्माण का लक्ष्य मिला था। इनका निर्माण भी 31 दिसंबर तक हो जाना चाहिए था। लेकिन अभी तक 4097 शौचालय का निर्माण ही आधा अधूरा हो सका है। इसके अलावा 613 शौचालयों का अभी तक जियो टैग नहीं हो सका। जिसके चलते लाभार्थियों के खातों में शौचालय की प्रोत्साहन राशि नहीं पहुंच सकी। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन फेज- टू के तहत मिल्कीपुर को 4706 शौचालय के निर्माण करने का लक्ष्य शासन से मिला था। 31 दिसंबर तक सभी शौचालयों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लेने के लिए निर्देश दिए गए थे, लेकिन शौचालय का निर्माण कार्य धीमी गति से चल रहा है। खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर के के सिंह का कहना है कि शौचालयों के निर्माण में तेजी लाई जा रही है। जिन शौचालय का जियो टैग नहीं हुआ है उनका जल्द से जल्द जियो टैग भी कराया जाएगा।

राष्ट्रीय कुश्ती दंगल का भव्य शुभारंभ

कई प्रांतों से आए पहलवानों ने दिखाया दम

14 साल के निशांत पहलवान के हाथों भूरा पहलवान को मिली शिकस्त

अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। सीमा क्षेत्र बाबागंज में राष्ट्रीय कुश्ती दंगल का भव्य शुभारंभ कार्यक्रम संयोजक प्रधान संघ अध्यक्ष आनंद पाठक की देखरेख में प्रारंभ हुआ। दंगल में प्रथम कुश्ती प्रधान राकेश पाठक द्वारा पहलवानो का हाथ मिलाकर प्रारंभ कराई गई। कार्यक्रम का संचालन उत्तम पहलवान हिन्द केशरी चैम्पियन देवी पाटन मंडल ने किया।विराट कुश्ती में भरी भीड़ देखने कों मिली।देश के दर्जनों प्रदेशों से आए पहलवानों के बीच दो दिवसीय रोचक मुकाबला चलेगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख जयप्रकाश सिंह, एस.पी. सिंह, संदीप जयसवाल, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिश्चंद्र उर्फ बंटू भैया, दीपेंद्र पाठक, आलोक पाठक, प्रधान प्रतिनिधि पंकज आर्य, डॉक्टर एम.ए. सिद्दीकी ने बाबागंज में आए हुए पहलवानों का हाथ मिलाकर दंगल को भव्य गति प्रदान किया जिसके साथ धुरंधर पहलवानो का मुकाबला शुरू हुआ।तूफान पहलवान झांसी का मुकाबला शास्त्री पहलवान बाबाराम देव अखाड़ा हरिद्वार से हुआ जिसमें शास्त्री पहलवान हरिद्वार विजय रहे। तूफान पहलवान झांसी का मुकाबला भगत दास पहलवान अयोध्या के साथ हुआ। जिसमें भगत दास पहलवान विजयी रहे। निशांत पाठक पहलवान बाबागंज का मुकाबला भूरा पहलवान पीलीभीत के साथ हुआ जो रोचक रहा जिसमें 14 साल के निशांत पाठक पहलवान के हाथों भूरा पहलवान को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा जिला शोध प्रमुख शुभम पाठक, रामशरण पाठक, ज्ञानेंद्र भूषण पाठक, विष्णु दत्त मिश्रा, रिजवान अहमद, गुलाम हजरत, प्रधान बसंतपुर उदल राम किशुन, पूर्व प्रधान राम किशुन वर्मा सहित मिंटू सिंह प्रधान रामपुर ब्लॉक हुजूरपुर आदि उपस्थिति रहे।

विवाह अनुदान योजना में समय से पूर्ण करें सत्यापन कार्य - डीएम मोनिका रानी

अमन लेखनी समाचार/मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित पिछड़ी जाति (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोड़कर) शादी अनुदान योजना की समीक्षा हेतु शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान डीएम मोनिका रानी ने तहसीलों एवं ब्लाकों को निर्देश दिया कि सत्यापन हेतु लम्बित प्रार्थना-पत्रों का यथा शीघ्र निस्तारण कर आख्या तत्काल पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को उपलब्ध करा दें। डीएम द्वारा तहसीलों एवं ब्लाकों को यह भी निर्देश दिया गया कि विभिन्न विभागों के सत्यापन से सम्बन्धित आवेदन-पत्रों का साप्ताहिक रोस्टर बनाकर प्रत्येक माह की 20 तारीख तक सत्यापन से सम्बन्धित कार्यवाही का पूर्ण किया जाय।

बैठक के दौरान डीएम ने सोशल सेक्टर के विभागों को निर्देश दिया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा से सम्बन्धित शिविरों में विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु बैनर व पोस्टर्स प्रदर्शित किया जाय तथा असंतृप्त पात्र लोगों के फार्म भी भरवाये जायें। डीएम ने खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूर्ण हो गये आंगनबाड़ी भवनों के हैण्डओवर की कार्यवाही तत्काल सुनिश्चित कराएं। डीएम ने निर्देश दिया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में सम्बन्धित अधिकारी स्वयं प्रतिभात करें तथा विभागीय उपलब्धियों की शत-प्रतिशत फीडिंग भी सम्बन्धित पोर्टल पर कराना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., उप जिलाधिकारी पयागपुर दिनेश कुमार, तहसीलदार कैसरगंज अजय यादव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन कुमार व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारीगण मौजूद रहे।

सप्ताह भर पहले हुई चोरी का पुलिस ने किया खुलासा, दो गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार/फैजान

कैसरगंज/फखरपुर, बहराइच। थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पहले हुई चोरी में शनिवार को फखरपुर पुलिस ने दो चोरों को गिरफ्तार कर मामले का पदार्फाश कर दिया पूछताछ में दोनों चोरों ने चोरी की बात कबूल की है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी ने बताया कि नौ - दस दिसंबर की रात में थाना क्षेत्र के कोतवाल कला गांव में सूबेदार सिंह वी वेदप्रकाश सिंह के घर चोरों ने धावा बोलकर नगदी समेत लाखों रुपये के समान चुरा ले गये थे। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दिया था। शनिवार को झिंगरी नाला पुल के निकट परसेंडी इंडियन बैंक के पास से इकौना जनपद चौकी कटरा डिंगरा जोत निवासी वीरेंद्र सोनकर व इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम दिन्नामगढ ननके सोनकर को गिरफ्तार कर लिया दोंनों के पास से 15560 नगद रुपये, दो जोडी

कंगन, छह सफेद धातु के सिक्के, चोरी मे इस्तेमाल किया गये दो छेनी, एक पेचकस, दो टार्च, एक हथौडी बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष नहीं बताया कि पूछताछ में दोनों आरोपियों ने चोरी की बात कबूल किया है। दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

चालकों एवं परिचालकों हेतु आयोजित हुआ प्रशिक्षण शिविर

शिविर में दी गयी यातायात नियमों की जानकारी

टैक्ट्रर-ट्रालियों पर भी लगाये रिफ्लेक्टिव टेप

अमन लेखनी समाचार/संतोष मिश्रा

बहराइच। द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा अन्तर्गत नानपारा बस स्टैण्ड निकट झिंगहाघाट पर चालकों एवं परिचालकों का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण शिविर में बड़ी संख्या में चाललों एवं परिचालकों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण शिविर के दौरान सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) राजीव कुमार द्वारा उपस्थित समस्त चाललों एवं परिचालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं दुर्घटना से बचाव की जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही यातायात नियमों का पालन करने हेतु शपथ दिलाया। इसके अलावा यातायात नियमों की जानकारी प्रदान करने के लिए आम जन में प्रचार सहित्य का भी वितरित किया गया। इसके पश्चात गोलवाघाट के निकट प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए संचालित 35 टैक्ट्रर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टिव टेप भी लगाया गया एवं अनधिकृत रूप से संचालित वाहनों पर प्रवर्तन कार्यवाही की गयी। इस अवसर पर सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ओ०पी० सिंह, अध्यक्ष नानपारा बस स्टैण्ड, मतिउल्ला खान, महामंत्री शहाब जैदी, कनिष्ठ सहायक अमित तिवारी व यूनियन के अन्य पदाधिकारियों के साथ प्रवर्तन दल के सदस्य भी मौजूद रहे।

डीएम ने गर्भवती महिलाओं की करायी गोदभराई व बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये स्टालों का निरीक्षण करते हुए आईसीडीएस विभाग के स्टाल पर जिलाधिकारी मोनिका रानी ने 03 गर्भवती महिलाओं सूबी, यासमीन व लक्ष्मी देवी की गोद भराई करायी तथा 02 बच्चों अलफिया व अब्दुल शमद को अन्नप्रासन्न कराया।

प्रशासन ने पेश की ईमानदारी की मिशाल

अमन लेखनी समाचार/निर्मित द्विवेदी

बिंदकी, फतेहपुर। जीवन में रुपया पैसा मायने नहीं रखता असली धन तो ईमान है शनिवार को मलवां थाना में तैनात दो आरक्षियों की ईमानदारी को लेकर लोगों ने सराहना किया है उन्होंने जो सराहनीय कार्य किया है वह पुलिस विभाग के लिए भी एक मिशाल है। गत दिवस मलवां थाना में तैनात आरक्षी लवकुश सिंह व आरक्षी बृजेश यादव हाइवे पेट्रोलिंग पर थे उन्हें एन एच-2 हाइवे में पड़ा ऐप्पल आईफोन 11पीआर ओ मैक्स मोबाइल फोन मिला। इन आरक्षियों ने इमानदारी का परिचय देते हुए मोबाइल स्वामी को सूचित किया कि उनका हाइवे में पड़ा फोन उन्हें मिला है। आरक्षियों की सूचना पर मोबाइल फोन स्वामी आदर्श सिंह पुत्र शत्रुघ्न सिंह निवासी ग्राम सेवरी पोस्ट हंसवा थाना अशोथर मलवां थाना आए जिन्हें आरक्षियों

ने उक्त मोबाइल फोन सौंप दिया। मोबाइल फोन की कीमत एक लाख छप्पन हजार बताई गई है। मोबाइल पाकर आदर्श सिंह ने दोनों आरक्षियों की ईमानदारी पर खुशी जाहिर करते हुए धन्यवाद दिया।

वाहनों पर लगवाये गए रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप

यातायात पुलिस व ईंट भट्टा एसोशियसन के सहयोग से लगा कैम्प

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। शीत ऋतु में घने कोहरे व कम दृष्यता होने के कारण प्रदेश में बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं में मृतको की संख्या में कमी लाये जाने हेतु शासन के निदेर्शों के क्रम में चलाये जा रहे द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के दौरान यातायात पुलिस द्वारा ईंट भट्टा एसोशियसन के सहयोग से पुलिस लाइन तिराहा पर कैंप का आयोजन कर ट्रैक्टर-ट्रालियों, ई0रिक्शा, साइकिल आदि वाहनों पर रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाया गया। इस अवसर वाहन चालकों को रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप के लाभ के प्रति जागरुक किया गया। इस अवसर पर निरीक्षक यातायात मनोज कुमार सिंह मय टीम तथा ईंट भट्टा एसोशियसन के विभिन्न पदाधिकारीगण मौजूद रहे।

क्षेत्र में चल रहे ई-रिक्शा वाहनो का किया गया सत्यापन

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। पुलिस अधीक्षक बहराइच द्वारा अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) व कमलेश कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी कैसरगंज के कुशल निर्देशन में अनुज त्रिपाठी थानाध्यक्ष थाना फखरपुर के द्वारा गठित टीम ने थाना क्षेत्र में चल रहे ई-रिक्शा वाहनो का सत्यापन करते हुए 31 ई-

रिक्शा मालिक/चालको का सत्यापन करते हुए आधार कार्ड, डी.एल व ई-रिक्शा सम्बन्धित प्रपत्रो को चेक किया। इस दौरान रजिस्टर मे उनका अंकन किया गया एंव वैध प्रपत्र के बिना चल रहे ई-रिक्शा वाहनो के सम्बन्ध में आवश्यक विधिक कार्यवाही भी की गई। चेकिंग टीम मे थानाध्यक्ष अनुज त्रिपाठी सहित उपनिरीक्षक बिन्देश्वरी प्रसाद यादव, राज नारायण त्रिपाठी, शैलेन्द्र कुमार यादव, महेश चन्द्र व अतुल कुमार वर्मा शामिल रहे।

बांदा में 3 दिवसीय मेले के आयोजन की तैयारी पूरी

हर साल लाखों लोग होते हैं शामिल, विशाल भंडारा का होगा आयोजन

अमन लेखनी समाचार

बांदा, मौनी धाम में 15,16 और 17 दिसंबर को आयोजित होने वाले विशाल मेला में भंडारा की तैयारियां जोरों से चल रही हैं। साफ-सफाई व्यवस्था में सफाई कर्मी जुटे हुए हैं और मौनी धाम सहित प्रसाद प्रांगण को सजाने संवारने और रंगाई-पुताई के काम को अन्तिम रूप दिया जा रहा है। मौनी धाम में विगत साल की भांति इस साल 15 दिसंबर से लेकर 17 दिसंबर तक विशाल भंडारे का आयोजन अवधूत महाराज द्वारा संपन्न कराया जाएगा। भंडारा और मेले की तैयारियों के लिए श्रमदानी व प्रशासनिक अमला लगा हुआ है। पर्यटन स्थल रामलीला और नाटक मंचन प्रांगण व मधुबन की साफ-सफाई के लिए सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। पर्यटक स्थल में 15 दिसंबर से खेलकूद की प्रतियोगिता



होगी। रामलीला और नाटक प्रांगण में देश-प्रदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दिन में नाटक एवं रात में रामलीला का मंचन करेंगे। भंडारा प्रांगण की साफ-सफाई और रंगाई-पुताई का कार्य अन्तिम चरण पर तेजी से चल रहा है, जहां एक साथ 11 हजार श्रद्धालुओं को पंगत में बैठाकर खिलाने का इंतजाम रहता है। मधुबन में देश देशांतर के आश्रम से आने वाले साधु सन्यासियों के ठहरने के लिए व्यवस्था की जा रही है। स्टाल लगने शुरू हो गये है क्षेत्र और अन्य जिलों की दुकानें लगाना शुरू हो गई है। श्रमदानी सेवकों ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। सामग्री आना शुरू है और दूर-दूर से श्रमदानियों ने डेरा डाला दिया है। मौनी धाम में 108 वर्ष सीता-राम संकीर्तन दिन रात रामधुन अनवरत जारी रहती है, जिसमें आसपास के गांव के श्रद्धालु भक्त आते है, जिन्हें स्वामी अवधूत महाराज जी का सानिध्य प्राप्त रहता है। स्वामी जी के बैराग्य उत्पन्न होने पर से ही संकीर्तन का शुभारंभ किया गया।

बांदा में 641 बच्चियों ने दिखाई प्रतिभा

मंत्री बेबी रानी मौर्य और प्रतिभा शुक्ला हुई शामिल, कई जिलों से पहुंचे प्रतिभागी

अमन लेखनी समाचार

बांदा, बांदा में नारी शक्ति समागम के तहत बच्चियों की खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है। इसमें बतौर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य और बतौर विशिष्ट अतिथि प्रतिभा शुक्ला शामिल हुईं। आयोजन में चित्रकूट धाम मंडल के बांदा, चित्रकूट, महोबा, हमीरपुर जनपद से

कुल 641 बच्चियों ने प्रतिभाग किया है और अपने हुनर का प्रदर्शन किया है। आपको बता दें कि नारी शक्ति समागम के तहत चित्रकूट धाम मंडल के मंडल मुख्यालय बांदा में बच्चियों के खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया, जिसमें बांदा, हमीरपुर, महोबा, चित्रकूट सभी चारों जिलों से कुल 641 बच्चियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया है। खेलो इंडिया के तहत प्रधानमंत्री द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान में मंडल के चारों जिले के 641 बच्चियों ने प्रतिभाग किया है। खो-खो, शूटिंग, बैडमिंटन, वालीबॉल, कबड्डी, एथिलेटिक्स समेत विभिन्न खेलों का आयोजन करवाया गया है। बतौर मुख्य अतिथि आयोजन में शामिल हुईं कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने बताया कि प्रधानमंत्री के द्वारा खेलो इंडिया के तहत जिस तरह से बच्चों को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है उसी के तहत आज चित्रकूट मंडल में जिलाधिकारी की सराहनीय पहल के चलते आयोजन करवाए गए हैं, जिसमें गांव की बच्चियां भी शामिल हैं।

अमेठी में ट्रॉला ने साइकिल को मारी टक्कर

छात्र की मौके पर मौत, ग्रामीणों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन, चालक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

बांदा, जिला, स्कूल से घर जा रहे साइकिल सवार छात्र को तेज रफ्तार ट्राले ने टक्कर मार दी।हादसे में छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत गई।हादसे के बाद बड़ी संख्या में परिजन और ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और हंगामा करने के बाद सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। हादसे और सड़क जाम की सूचना मिलते ही कई थानों की फोर्स मौके पर पहुँची और ग्रामीणों को समझाबुझा कर सड़क खाली करवाने का प्रयास कर रही है। परिजनों का आरोप है कि बच्चे के शव को लेकर पुलिस चली गई और विरोध करने पर लाठी चार्ज किया है। हादसे के बाद ट्राले को छोड़कर भाग रहे चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। दरअसल ये पूरा मामला अमेठी कोतवाली क्षेत्र के महाराजपुर

गांव का है। जहां आज शाम करीब चार बजे महाराजपुर बाजार का रहने वाले विनोद कुमार का 12 वर्षीय बेटा अनमोल सरस्वती ज्ञान मंदिर में कक्षा पांच में पड़ता था।

आज अनमोल साइकिल से घर जा रहा था। जहां अमेठी की तरफ से जा रहे तेज रफ्तार डम्फर ने छात्र को कुचल दिया। हादसे में अनमोल की मौके पर ही दर्दनाक मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसा देखते ही परिजनों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हो गए और सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सड़क जाम और प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही अमेठी और संग्रामपुर पुलिस मौके पर पहुँची मृतक के शव को लेकर अस्पताल भेज ग्रामीणों को समझाबुझा कर जाम को खुलवाने का प्रयास कर रही है।मौके पर स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

संक्षेप

जालसाज ने लोन की कार बेचकर 8.85 लाख रुपए हड़पा केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के हरदिया पिछौरा निवासी जालसाज बाप,बेटे ने मिलकर कर लोन के कार को बेचकर कर पीड़ित से 8.85 लाख रुपए हड़प लिया है। पुलिस ने चार जालसाजो के खिलाफ जालसाजी,रुपए हड़पने,मारने पीटने,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से देवकली थाना हाटा जिला संतकबीर नगर निवासी गौतम कुमार गुप्ता पुत्र जय प्रकाश गुप्ता ने अपने गीडा थाना क्षेत्र के एक परिचित से कार खरीदने की चर्चा किया। उसने हरदिया पिछौरा निवासी एक कार के मालिक के पास ले गया।कार देखने पर पसंद आ गया। और 6.25 लाख रुपए में सौदा तय हो गया।कहा की कार को नकद खरीदा था। और पंजीकरण प्रमाण पत्र भी दिखाया।बीमा कागजात के बारे में बताया की घर पर नही है।16 अगस्त 2023 को 2.50 लाख रुपए,2 लाख गुगल पे तथा मित्र दीपक गुप्ता से 99900 रुपया,मनीष गुप्ता से 99700 रुपया बाप बेटे के खाते में भेजा।शेष 35 हजार रुपए में 18 अगस्त 2023 को 15 हजार 18 सितम्बर 2023 को भाई ने 20 हजार रुपया भेजा। ट्रांसफर कराने की बात करने पर बहाने बाजी करने लगा।इसी दौरान महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के कर्मचारी घर पहुंचे और और गाड़ी ले जाने लगे। जानकारी मिली की गाड़ी लोन पर है। जब जालसाज के घर पहुंच कर लोन के बारे में बताया। तो जालसाज गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाया। आदेश पर पुलिस ने आदित्य मिश्र,अजीत कुमार,सुनील मिश्र,ऋषिकेश निवासी हरदिया पिछौरा के खिलाफ जालसाजी,रुपए हड़पने,मारपीट,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

घर से स्कूल के लिए निकली छात्रा लापता

अमन लेखनी समाचार

जगदीशपुर /अमेठीसुबह घर से स्कूल जाने के लिए निकली किशोरी शाम को घर वापस ना पहुंचने पर परिजन परेशान होकर काफी खोजबीन करने के उपरांत कोई सुराग ना मिलने पर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई। थाना क्षेत्र के अन्तर्गत एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी परिजनो से स्कूल जाने की बात कहकर घर से निकली लेकिन शाम तक जब वह घर वापस नहीं लौटी तो परिजन परेशान होकर रिश्तेदारी व आसपास तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चला थकहार कर परिजन थाने पहुंच कर पुलिस को तहरीर देकर मदद की गुहार लगाई। वहीं एक दूसरी घटना भी प्रकाश मे आई है जहां इसी थानाक्षेत्र की रहने वाली एक अन्य किशोरी भी घर से किसी काम के सिलसिले में घर से बाहर गई थी लेकिन शाम तक नहीं लौटी तो परिजनो ने काफी खोजबीन की जहां उन्हे सफलता हासिल नहीं हुई तथा हलकान परेशान परिजन थाने पहुंचे जहां पुलिस को मामले से अवगत कराते हुए तहरीर देकर उसे ढूंढने में मदद की अपील की ।इस संबंध मे पुलिस ने बताया कि तहरीर मिली है जांच पड़ताल जारी है ।

चित्र की शुद्धि दुनिया की सबसे बड़ी समृद्धि

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पी०जी० कॉलेज गोरखपुर एवं राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर, उत्तर प्रदेश ड्ड के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित द्वि-द्विवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है जिसका विषय बौद्ध शिक्षा दर्शन : आधुनिक विश्व की जटिल चुनौतिया एवं संतुलित द्वष्टिकोण है कार्यक्रम के प्रथम दिवस के उद्घाटन सत्र पर कार्यक्रम की अध्यक्षता दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर की कुलपति, प्रो० पूनम टण्डन के द्वारा किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि-प्रो० हरिकेश सिंह पूर्व कुलपति जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा बिहार मुख्य वक्ता प्रो० द्वारिका नाथ (पूर्व अध्यक्ष, दर्शन शास्त्र विभाग दीन दयाल उपाध्याय गो०वि०गो०) तथा डॉ० धर्मव्रत तिवारी (सहायक आचार्य, प्रौढ, सतत एवं प्रसार शिक्षा विभाग दी०द०) पुष्प दन्त जैन अध्यक्ष प्रबन्ध समिति उपस्थित चन्द्रकान्ति रमावती देवी आर्य महिला पी०जी० कॉलेज गोरखपुर उपस्थित रहें। महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री पुष्पदंत जैन ने सभी का आभार व्यता करते हुए कहा कि हमे बौद्ध शिक्षाओं को अपने जीवन में धारण करना चाहिए साथ ही सम्माननीय भगवान महावीर के दिखाए मार्गों का अनुसाण करना चाहिए। इस अवसर पर प्रो० हरिकेश सिंह पूर्व कुलपति जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा बिहार ने कहा आज विश्व में अहिसा व्याप्त है मानव मात्र यांत्रिक प्राणी बनकर रह गया है हमें सभी को बौद्ध दर्शन के अनुरूप आचरण अपना कर करूणा, दर्शन, दया के मार्ग पर चलना चाहिए तभी विश्व का कल्याण होगा बौद्ध शिक्षा हमे सन्मार्ग पर ले जाती है। रामरक्षा पाण्डेय को महामना के रूप में परिभाषित करते हुए कहा कि इनके दर्शन मात्र से चित्त परिष्कृत हो जाता है। यह महाविद्यालय वास्तव में गुरुकुल है बौद्ध धर्म का निर्वाण जैन धर्म का केवल्य यह प्रज्ञा का केन्द्र है। विश्व की सभी समस्याओं का हल बौद्ध दर्शन में है विश्व के वर्तमान तीन संकट है अतिलालसा, अधैर्यता, आधुनिक यांत्रिकरण के वश में विश्व को स्वयं के भीतर रौशनी करनी चाहिए प्रत्येक व्यक्ति के भीतर एक युद्ध चल रहा है और हर युद्ध का समाधान बुद्ध है। चित्त की शुद्धि एवं शाक्ति दुनिया की सबसे बड़ी समद्धि है। बुद्ध ने संदेश दिया कि धर्म की शरण में जाना चाहिए धम्मम् शरणम् गच्छामि, संघम शरणम्गच्छामि, बौद्ध शरणम्गच्छामि बौध धर्म में शिक्षा को विनय माना जाता है। इस अवसर पर आभार ज्ञापन यशवंत सिंह राठौर ने किया। संगोष्ठी का आयोजन दो सत्र में किया गया प्रथम तकनीकी सत्र में बतौर मुख्य अतिथि प्रो० राजेश कुमार सिंह दीन दयाल उपाध्याय गो०वि०वि० तथा मुख्य वक्ता प्रो० विपुला दुबे (पूर्व संकाय अध्यक्ष प्राचीन इतिहास विभाग दी०द०गो०वि०वि० गोरखपुर) रही। शोध पत्र प्रस्तुतिकरण डॉ० फूल चन्द यादव, डॉ० विजय लक्ष्मी सिंह, डॉ० प्रीति त्रिपाठी, डॉ० निशा पाण्डेय, रंजना सिंह, अनन्त पाठक, डा० अमिता अग्रवाल, अरिना जयसवाल ने शोध पत्र प्रस्तुत किया। द्वितीय तकनीकी सत्र में वतौर मुख्य अतिथि प्रो० सरिता पाण्डेय दी०द०गो०वि०वि० गोरखपुर एवं मुख्य वक्ता डॉ० आशुतोष कुमार विभागाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय टिहरि गढ़वाल उत्तराखंण्ड उपस्थित रहें। इस अवसर पर डॉ० आस्था प्रकाश, डॉ० पवन, डॉ० अर्पणा मिश्रा, डॉ० अमृता, अंजली शुक्ला, शंकर थापा, डॉ० शिवानी श्रीवास्तव, डॉ० रेखा रानी, डॉ० रेखा श्रीवास्तव, डॉ० देवता, डॉ० सारिका जयसवाल, डॉ० अनीता सिंह, सोनू दूबे, डॉ० अतुल शाही, डॉ० वीरेन्द्र कुमार गुप्ता, डॉ० स्पनिल पाण्डेय, डॉ० विकास श्रीवास्तव आदि प्रवक्तागण उपस्थित रहें।

सरकार की योजनाओं का लाभ घर घर पहुंच रहा है:शीतल पांडेय

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत बड़गहन में लगी चौपाल

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील अंतर्गत विकासखंड पिपरौली क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत बडगहन में लगी चौपाल विकसित भारत संकल्प यात्रा की डिजिटल वैन शनिवार को पिपरौली विकासखंड क्षेत्र स्थित के ग्राम बड़गहन गांव में पहुंची।इस दौरान गांव में सरकारी योजनाओं को लेकर चौपाल भी लगाई गई, साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल भी लगाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शीतल पाण्डेय ने ग्रामीणों से केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए किसानों में किसान सम्मान निधि और किसानों को फसल बीमा के बारे में बताया। विकास के क्षेत्र में देश नया कीर्तिमान रच रहा है।गांव से लेकर शहर तक एक सामान विकास को रफ्तार दी जा रही है।विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख दिलीप यादव ने बताया कि किसानों के हित को देखते हुए उनके खाते में सम्मान निधि भेजने के साथ ही खाद, बीज की उपलब्धता पर्याप्त की जा रही है,अब सुविधा और स्वास्थ्य जरूरतमंदों को घर तक पहुंचाया जा रहा है। मूलभूत सुविधाओं के साथ भारत के गौरवशाली संस्कृति को सरकार संवारने का काम कर रही है।चौपाल के अंत में उपस्थित सभी लोगों को पंच प्रण का शपथ दिलाया गया।इस दौरान विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख दिलीप कुमार यादव, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अमरनाथ यादव,ब्रह्मानंद शुक्ला, धर्मराज गौड़,चंद्रकुमार सिंह चंदन, पवन गौड़डॉक्टर खालीद हसन, नितेश कुमार सिंह, अजीत कुमार श्रीवास्तव, राकेश चन्द,संजय सिंह, माया देवी,रमावती देवी, रेनू देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस पर 77 मामले नही हुआ निस्तारण

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवां तहसील में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कुंवर सचिन सिंह ने किया। इस दौरान 77 मामले आए थे।लेकिन किसी भी मामले का निस्तारण नहीं हुआ। राजस्व 39,पुलिस 14,विकास 10, अन्य 14 मामले आए थे।राजस्व संबंधित मामले के निस्तारण के लिए राजस्व टीम गठित की गई है। जब की पुलिस के मामले की जांच कर कारवाई करने का निर्देश दिया गया है। इस दौरान तहसीलदार राकेश कन्नौजिया,नायब तहसीलदार भान प्रताप सिंह, एसडीओ पुष्पेंद्र सिंह शीत अनेक विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

अलग-अलग विवाद में छः नामजद दो,तीन अज्ञात पर केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र में अलग अलग हुए विवाद में पुलिस ने छः नामजद दो,तीन अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बनकटियां निवासी सुभावती देवी पत्नी चंद्रिका घर पर बैठी थी गांव का एक व्यक्ति नशे की हालत में परिजन को लेकर पहुंचा और गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने मनोज निषाद,पुष्पा देवी,प्रीतम के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही दूसरे पक्ष की पुष्पा देवी पत्नी मनोज निषाद को पुरानी रंजिश को लेकर गांव के मनबढ ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने शत्रुघ्न,रीता देवी,ईश्वर के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वही मालीराम सैनी पुत्र गिरधारी लाल सैनी निवासी आमलोद जिला जयपुर राजस्थान जो फोरलेन पर मार्किंग का काम किया था। शुक्रवार को नवीन मंडी के पास स्कार्पियो और ट्रक चालक आपस में विवाद कर रहे थे। मना किया तो दो तीन अज्ञात व्यक्ति को बुलाकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने अज्ञात स्कार्पियो चालक, अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

शौच करने गई वृद्ध महिला के साथ दुष्कर्म, ग्रामीणों ने पकड़ा पुलिस को सौंपा

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के पाली में शनिवार को भोर में 4 बजे शौच के लिए गई 65 वर्षीय वृद्धा का मुंह बंद कर गांव का एक दरिंदे ने दुष्कर्म किया।शोर मचाने पर ग्रामीणों ने आरोपी को दौड़ा कर पकड़ लिया। और पुलिस को सौंप दिया। वही वृद्ध महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र पाली में एक महिला के पट्टीदार के लडकी की शादी 19 दिसंबर को होनी है।शनिवार को भोर में 4 बजे महिलाए गीत गा रही थी।उसी दौरान 65 वर्षीय वृद्ध महिला को शौच लग गया। और वह शौच करने बगल के खेत में चली गई।उसी दौरान गांव का एक दरिंदे ने वृद्ध महिला को पटक कर दुष्कर्म कर दिया।शोर मचाने पर ग्रामीण दौड़े और आरोपी को दौड़ा कर पकड़ लिया। और पुलिस को बुलाकर सौप दिया।पुलिस पीड़िता को लेकर सीएचसी सहजनवा पहुंची जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उसका इलाज चल रहा है।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।इस संदर्भ में एसओ ईत्यानंद पांडेय ने कहा की आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया है।

बैंकाक में युवक के हत्या के आरोप में 10 नामजद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज

अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र स्थित के ग्राम पंचायत तितनपार निवासी एक युवक को बैंकाक में बंधक बनाकर हत्या कर दी गई थी। पिता की शिकायत पर पुलिस ने 10 नामजद और कुछ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के तितनपार निवासी रामाज्ञा सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह को पिपरा थाना महुली जिला संतकबीर नगर निवासी जो बैंकाक में रहते है। फोन कर बताया की बेटे को बंधक बनाया गया है। और छोड़ने के लिए रुपए भेजने की मांग किए। और बेटे से फोन पर बात भी कराई। 20 अक्टूबर को फोन कर फिर रुपए भेजने की मांग किया गया। और खा गया की युवक का पासबुक,सोने की चैन,पत्नी और बच्चे का बैंक पासबुक जिगिना थाना गीडा मुन्ना सिंह के दुकान पर पहुंचा दे।जहां महुली थाना जिला संतकबीर नगर का एक व्यक्ति अज्ञात के साथ बैठा था।23 अक्टूबर को बेलोरो गाड़ी का रजिस्ट्रेशन कागज भी दुकान पर देने को कहा। लेकिन सम्पर्क नहीं हो पाया। 24 अक्टूबर को फोन कर बताया गया की पुत्र की मौत हो चुकी है। साजिश कर आरोपियों ने बेटे की हत्या कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अंबिका सिंह, हरिशंकर सिंह,त्रिपुरारी सिंह,यशवंत सिंह,किशन सिंह,जगदीश सिंह,भगवती सिंह निवासी पिपरा थाना महुली जिला संतकबीर नगर,मुन्ना सिंह निवासी बनगावा थाना गीडा,रूपेश सिंह निवासी उपरौधा थाना महुली जिला संतकबीर नगर,धर्मेंद्र सिंह निवासी बडगहन थाना गीडा के खिलाफ धारा 384,504,506,120बी के तहत केस दर्ज कर लिया है।

किसान व वरिष्ठ भाजपा नेता के घर पहुंचे कृषि वैज्ञानिक,लगाया फलदार वृक्ष

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। कृषि वैज्ञानिक पंडित इंदु कुमार पाठक पूरी अमेठी में सवा लाख फलदार वृक्षारोपण के मिशन को पूरा करने के उद्देश्य को लेकर नजर आ रहे है।वे कही जगदीशपुर,कही शुकुलबाजार, कही तिलोई,कही अमेठी,कही गौरीगंज और कही मुसाफिरखाना में ग्रामीण लोगो से मुलाकात कर उनके यहां फलदार वृक्ष लगाकर किसान भाईयों को इस फलदार वृक्ष से आय कमाने के तरीके बताए।जिसके मद्देनजर आज ब्लॉक शुकुल बाजार के पूरे शुक्लन किसान व वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण शुक्ला के आवास पहुंचकर फलदार वृक्ष लगाया।साथ ही वहां उपस्थित लोगो को फलदार वृक्षारोपण करने के प्रति जागरूक किया और सभी लोगो को फलदार वृक्ष लगाने की विधि बताई और साथ यह भी बताया कि कैसे वातावरण शुद्ध किया जाए और प्रकृति की रक्षा कैसे की जाए साथ ही फलदार वृक्ष लगाकर उससे आय कैसे कमाए,इन सभी विषयों पर चर्चा की।वही कृषि वैज्ञानिक पंडित इंदु कुमार पाठक ने कहा कि मैं किसान का बेटा हूं अमेठी की सेवा करना चाहता हूं।उन्होंने फलदार वृक्ष लगाओ,आय दोगुनी बढ़ाओ,अमेठी जिले को प्रदेश में नम्बर वन बनाओ के नारे से ग्रामवासियों को संबोधित किया।साथ ही उन्होंने पेड़ पौधा भईया सब मिल कर लगावा अमेठी जिलवा मा खुहशाली ले आवा के गाने से मिशन सवा लाख फल वृक्ष को लेकर अमेठीवासियों से सहयोग की अपील की।

डीएम सीडीओ की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना को लेकर बैठक हुई आयोजित

शादी अनुदान योजना का व्यापक प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक आवेदन कराने के दिए निर्देश।

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग की गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों हेतु शादी अनुदान के सम्बन्ध में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उन्होंने जिला पंचायतराज अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिये कि योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए प्रत्येक गॉव से कम से कम दो पात्र व्यक्तियों का आवेदन कराना सुनिश्चित करें तथा इसके साथ ही उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारी/उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया कि शादी अनुदान के लिए पात्र व्यक्तियों की जॉच कराके उनके आवेदन को समयान्तर्गत अग्रेषित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछड़े वर्ग को छोड़कर) के ऐसे गरीब व्यक्तियों जिनकी पुत्री की शादी वित्तीय वर्ष 2023-24 में हो चुकी है अथवा होनी है, उन व्यक्तियों को शादी अनुदान प्राप्त करने हेतु पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की वेबसाइट पर उसी वित्तीय वर्ष में शादी से 90 दिन पूर्ण या 90 दिन बाद सीधे ऑनलाइन आवेदन किया जाना अनिवार्य है।इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने हेतु लाभार्थी की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में रू0 46080 एवं शहरी क्षेत्र में रू0 56460 से कम हो तथा अनिवार्य रूप से तहसीलदार द्वारा निर्गत ऑनलाइन जाति प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। उन्होंने बताया कि विवाह हेतु किए गए आवेदन में पुत्री की आयु शादी की तिथि 18 वर्ष या उससे अधिक हो एवं पति की मृत्यु के उपरांत निराश्रित महिला अथवा विकलांग आवेदकों को वरीयता प्रदान की जाएगी तथा एक परिवार से अधिकतम 02 पुत्री की शादी हेतु अनुदान मान्य होंगे। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के शादी अनुदान के लिए जनपद को 646 लाभार्थियों हेतु रू0 129.20 लाख की धनराशि जारी किया गया है, जिसमें आधार से आधारित प्रमाणीकरण की नयी व्यवस्था (ई-के0वाई0सी0) के तहत सत्यापन के उपरान्त जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद जनपद के अलग-अलग विकास खण्डों से 175 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में रू0 20 हजार प्रति आवेदक की दर से रू0 35.00 लाख ई-कुबेर के माध्यम से धनराशि भेजी गयी है। उन्होंने बताया कि इस योजना में अभी तक पर्याप्त आवेदकों द्वारा आवेदन नही किया गया है जिसके लिए उक्त योजना का जनसामान्य5तट में व्यापक प्रचार-प्रसार करने की आवश्यकता है तथा अब तक प्राप्त लक्ष्य 646 से अधिक आवेदन आने पर शासन द्वारा तुरंत धनराशि प्राप्त होगी एवं अधिक से अधिक संख्या में पात्र व्यक्तियों द्वारा शीघ्र आवेदन करने पर पहले आओ पहले पाओ के नियम के आधार पर पात्र आवेदकों को लाभ प्रदान किया जायेगा।बैठक में डीडीओ तेजभान सिंह, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीपीआरओ श्रीकांत यादव, डीपीओ संतोष श्रीवास्तव, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

तहसील गौरीगंज में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

अमन लेखनी समाचार

अमेठी। जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील गौरीगंज में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।संपूर्ण समाधान दिवस में प्रभारी जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये, शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक डा. इलामारन जी ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिए। आज संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा विकास विभाग से संबंधित प्राप्त हुई।जिनके निस्तारण हेतु प्रभारी जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। आज तहसील गौरीगंज में कुल 34 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील मुसाफिरखाना में 36 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें 05 का निस्तारण किया गया, तहसील तिलोई में 24 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें 02 का निस्तारण किया गया तथा तहसील अमेठी में 69 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अंशुमान सिंह, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया, सीओ मयंक द्विवेदी, तहसीलदार गौरीगंज अभिषेक यादव सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बहुचर्चित समाजसेवी ने फीता काटकर किया बजरंग क्लब टूनार्मेंट का उद्घाटन

अमन लेखनी समाचार

शुकुल बाजार, अमेठी। स्थानीय विकास खंड क्षेत्र अन्तर्गत पूरे भोजा तिवारी में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बजरंग क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित पांचवे क्रिकेट टूनार्मेंट का शुभारम्भ बहुचर्चित समाजसेवी पंडित इंदु कुमार पाठक कृषि वैज्ञानिक (मिशन सवा लाख वृक्षारोपण) द्वारा फीता काटकर किया गया।शुक्रवार को बाजार शुकुल ब्लाक अन्तर्गत ग्राम पूरे भोजा तिवारी में बजरंग क्लब द्वारा आयोजित चार दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट के द्वितीय दिवस का शुभारंभ जनपद के जाने माने समाजसेवी कृषि वैज्ञानिक पंडित इंदु कुमार पाठक द्वारा फीता काटकर किया गया।जिसका आयोजन समस्त ग्रामवासियों के युवा टीमों ने किया।वही खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये पंडित इंदु कुमार पाठक ने

कहा कि खेल से बच्चों का शारीरिक विकास के साथ मानसिक विकास होता है जो प्रत्येक व्यक्ति के लिये अति आवश्यक है।बताते चले कि क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन के दूसरे दिवस की प्रथम पाली का मैच फतेहपुर बनाम इन्हौना के बीच खेला गया।जिसमें फतेहपुर टीम के खिलाड़ी विजयी हुए।वही दूसरे पाली का मैच नारेपार बनाम तेंदुवा के बीच खेला गया जिसमे नारेपार की टीम विजयी रही।इस मौके पर युवा नेता हरिकेश तिवारी, अभिषेक उर्फ हर्ष शुक्ला सहित क्षेत्र के अन्य संभ्रांत जन मौजूद रहे।

305 ग्राम स्मैक के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

जामो। अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व ह्लनशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत उप निरीक्षक अजयेन्द्र कुमार थाना जामो मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान कार सवार अभियुक्त अनुराग सिंह पुत्र अजय सिंह निवासी ग्राम पूरे जालिम सिंह मजरा उमराडीह थाना जामो जनपद अमेठी को मवई पुल के पास से समय करीब 10:10 बजे रात्रि में गिरफ्तार किया गया एवं एक अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया । वाहन संख्या यूपी 70 डीएस 1674 की तलाशी से डिग्गी में रखा 305 ग्राम स्मैक बरामद हुआ । गाड़ी के कागज मांगने पर दिखा न सका। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया मैं और मेरा साथी मुनेन्द्र सिंह पुत्र त्रिभुवन सिंह निवासी ग्राम पूरे जालिम सिंह मजरा उमराडीह थाना जामो जनपद अमेठी जो अभी गाड़ी से उतरकर भाग गया है दोनों लोग मिलकर चोरी छिपे फुटकर में स्मैक बेचते हैं । थाना जामो पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

चकबंन्दी विभाग की लापरवाही को लेकर मुख्यमंन्त्री व राजस्व सचिव को ग्रामीणों ने दी शिकायती पत्र

अमन लेखनी समाचार

अमेठी/ जगदीशपुर विकाश खण्ड क्षेत्र के अन्त्रगतस्थिति ग्राम सभा परबेजपुर परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखाना, जिला अमेठी का ग्राम प्रधान एवं सामान्य नागरिक है। जब कि ग्राम सभा में पुरानी चकबन्दी 1985 में फाइनल हुई थी। तथा मौजूदा चकबन्दी ग्राम सभा में 2015 में प्रारम्भ होकर सन्-2020 में फाइनल हुई, किन्तु ग्राम सभा के भौमिक सजरा (नक्शा फाइनल) सन्-2020 व सन्-1985 के नक्शा फाइनल में बड़े पैमाने पर भिन्नता पाई जाती है। जिसके कारण कोई भी नम्बर मौजूदा नक्शे के आधार पर अपने सही स्थान पर नही पाया जाता। जिससे ग्राम सभा में आये दिन जमीनी विवाद पैदा हो रहा है। जिसमें ओबर लैपिंग ग्राम सभा मंगौली बार्डर से ग्राम सभा मोहब्बत पुर बार्डर तक जहाँ पर ग्राम सभा मंगौली, खैरातपुर, परबेजपुर का सिहदा है वहाँ से 1985 का गाटा सं0 76 से गाटा सं0 369 जो नाला है मोहब्बतपुर वार्डर तक 68 मीटर ओबर लेपिंग है। 2020 का गाटा सं0 91 से गाटा सं0 529 जो नाला लेकर वार्डर है। 1985 का गाटा स० 69 से 369 नाला तक और 2020 का गाटा सं० 529 नाला तक 52 मीटर ओबर लैपिंग है। 1985 का गाटा सं0 161, 162 से गाटा सं0 369 और 2020 का गाटा सं0 237 से 529 वार्डर तक 72 मीटर ओबर लैपिंग है। 1985 का गाटा सं० 16, 17 से गाटा सं0 369 तक जो 2020 का गाटा सं० 18, 19 से गाटा सं0 529 नाला तक 52 मीटर का ओबर लैपिंग है। यह कुछ प्वाइंट है इसी तरह ग्राम सभा के सभी गाटा सं० प्रभावित है।

ग्राम सभा परवेजपुर का एक पुरवा कासिमपुर है जो रायबरेली अयोध्या रोड पर है 1985 का जो गाटा सं0 515 से 562 और 2020 का गाटा सं0 780 से गाटा सं0 821 तक 20 मीटर का ओबर लैपिंग है। इस लाइन में 100 प्रतिशत चकबन्दी बाहर है। 1985 का गाटा सं0 620 से गाटा सं0 565 नाला तक और 2020 का गाटा सं0 907 से 826 नाला तक 28 मीटर ओबर लैपिंग है। जो इस लाइन में 99 प्रतिशत चकबन्दी से बाहर है। (उल्ल-18) 1985 का गाटा सं0 641 से गाटा सं0 565 नाला तक 2020 का गाटा सं0 922 चकरोड से गाटा सं० 826 नाला तक 36 मीटर ओबर लैपिंग है इस लाइन में भी 99 प्रतिशत चकबन्दी बाहर है। (उल्ल-18) 1985 का गाटा सं० 529 से गाटा सं0 565 नाला तक 2020 का गाटा सं0 960 से गाटा सं० 826 नाला बार्डर तक 20 मीटर ओबर लैपिंग है। इस लाइन में लगभग 50 प्रतिशत चकबन्दी बाहर है। (उल्ल- 18) इसी तरह पूरे ग्राम सभा का गाटा सं० प्रभावित है। यह कि रायबरेली से अयोध्या रोड से गाँव को जो मेन रास्ता जाता है वहां पर ग्रामसभा मगौली बार्डर से जो 2020 का गाटा सं0 780 को 4 मीटर तथा बाग गाटा सं0 784 02 मीटर पूरब की तरफ बढ़ाया गया उसके बाद रास्ता जो गाटा सं० 807 है वह पहले 10 मीटर का था अभी उसे 16 मीटर बना दिया इसी तरह रास्ते तक पूरब को 12 मीटर बढ़ाया गया। इसी तरह 12 मीटर का ओबर लैपिंग हुआ। यही रास्ता आगे 12 मीटर 14 मीटर बढ़ाया गया और आगे गाटा सं० 890 में रास्ता बन्द था। 2020 के चकबन्दी में रास्ता निकाला गया जहाँ से रास्ता शुरू हुआ उसका गाटा सं० 844 है वहीं पर 16 मीटर ओबर लैपिंग। आगे चकरोड पूरब को गया है जिसका गाटा 10 845 है उसके पहले और बाद में 20 से 22 मीटर ओबर लैपिंग है। इसी रास्ते के लाइन में पंचायत भवन व लोगो के मकान रास्ते में पड़ने लगे जिससे यहा पर बहुत जायदा विवाद है। यह कि खलिहान 2020 का गाटा सं० 942 है जिसे 04 मीटर चौड़ा 72 मीटर लम्बा काटकर गाटा सं0 1008 व 1009 को देकर खलिहान को कम किया जो सारे गाटा सं० चकबन्दी से बाहर है। (उल्ल-18) इसी तरह चकरोड 1985 का गाटा सं0 619 है जिसे खत्म करके 2000 का गाटा सं0 929 के चक में मिला दिया और 1985 का गाटा सं० 638 जिसका 2020 का गाटा सं0 927 है। अपर जिलाधिकारी का आदेश होते हुए भी सी० ओ० अच्छेलाल ने आदेश का उल्लंघन किया। उसका रकबा मौजूदा 2020 का गाटा सं0 925 926,928,934 में है बल्कि 927 का रकबा 2020 के चकबन्दी में 925, 926 को चार-चार मीटर पूरब तरफ और बढ़ा दिया। अमल दरामद केश की फाइल सी० ओ० जगदीशपुर के यहाँ अभी भी पडी है। जो कि 2020 का पुष्टिकृत पूरा गलत बनाया गया है। जिसमे लेखपाल प्रदीप कुमार, चकबंन्दीकर्ता राजेश बर्मा, ट्रेसर दिनेश, एसीओ नीरज कटियार सीओ अच्छेलाल, एसओसी राजकुमार सहित सभी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे। जिससे वर्णित तथ्यों एवं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ग्राम सभा परबेज पुर परगना जगदीशपुर तहसील मुसाफिरखानाजिला अमेठी के सन्-2020 में हुई चकबन्दी के भौमिक नक्शे की अशुद्धता अर्थात ओबर लैपिंग को सन्-1985 की चकबन्दी के फाइनल नक्शे को आधार मानकर किसी सक्षम अधिकारी व प्रमुख सचिव राजस्व, मा० मुख्य मंन्त्री उ०प्र० शासन द्वारा शुद्ध अर्थात दुरूस्त कराये जाने को लेकर ग्राम वासियो ने शिकायती पत्र देकर जॉच कराये जाने की ग्राम वासियों ने की है। जिससे ग्रामवासी आये दिन विवादों के घेरे से बच सके।

हस्तशिल्पियों ने लगाये उत्पाद के स्टॉल, मिली सराहना

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर। जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा 08 से 15 दिसम्बर 2023 तक कार्यालय परिसर में अखिल भारतीय हस्तशिल्प सप्ताह का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों से जनपद के आये हस्तशिल्पियों द्वारा प्रतिभाग करते हुये अपनी-अपनी स्टॉल पर उत्पादित उत्पाद का प्रदर्शन किया गया है। साथ ही कार्यक्रम में अन्य हस्तशिल्पियों एवं गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनके उत्पादों की सराहना करते हुये उनका सामान खरीदा गया। उद्योग विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा एक जनपद एक उत्पाद मार्जिन मनी के लाभ प्राप्त करने हेतु विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गयी जिसमें हस्तशिल्पियों को अपने आत्मनिर्भर होने तथा अपने उत्पाद को कैसे बढ़ावा दिया जाय आदि पर बल दिया गया। मुख्य अतिथि के रूप में स्मॉल स्केल इण्डस्ट्रीज अध्यक्ष कमलेश सराफ ने हस्तशिल्पियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही हस्तशिल्प पेंशन, मुख्यमंत्री हस्तशिल्प पेंशन, रोजगार को कैसे कैसे बढ़ावा दिया जाए इत्यादि के सम्बन्ध में लाभ लेने हेतु कहा गया। खादी ग्रामोद्योग बोर्ड के आर.डी. वर्मा द्वारा हस्तशिल्पियों को कुटीर उद्योग स्थापना एवं उनके लाभ के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी। हस्तशिल्प सप्ताह में उद्योग विभाग से अपर सांख्यकीय अधिकारी रवि शर्मा, सहायक प्रबन्धक संजय सिंह, वरिष्ठ सहायक प्रेमनाराण, कनिष्ठ सहायक योगेश शर्मा तथा उद्योग से जुड़े लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया

यातायात पखवाड़ा के तहत छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाए गए

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में पुलिस अधीक्षक फतेहपुर उदय शंकर सिंह के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी यातायात होरीलाल सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सुंदर सिंह इंटर कॉलेज जयरामनगर में छात्र-छात्राओं को यातायात यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया साथ ही साथ छात्र-छात्राओं स्कूल वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई गई और प्रचार प्रसार सामग्री वितरित की गई। यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा में जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ट्रैक्टर ट्राली पर आदि माल वाहक वाहनों पर रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगाकर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया साथ ही दो पहिया वाहन चालक द्वारा हेलमेट का प्रयोग न करने, चार पहिया वाहन चालक द्वारा सीट बेल्ट का प्रयोग न करने एवं चार पहिया वाहन पर काली फिल्म का प्रयोग करने वाले वाहनों पर कार्यवाही की गई।

समाधान दिवस में आये 57 प्रार्थना पत्र, 5 का हुआ मौके पर निस्तारण

अमन लेखनी समाचार/ हेमंत यादव

गरौठा, झाँसी। माह के तृतीय शनिवार को तहसील सभागार गरौठा में उप जिलाधिकारी श्वेता साहू की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में राजस्व के 25, पुलिस के 16 विकास के 05, आपूर्ति के 02 शिक्षा का 01 व अन्य मामलों से संवंधित 08 प्रार्थना पत्रों सहित कुल 57 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। कुल प्राप्त प्रार्थना पत्रों में से 05 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। उप जिलाधिकारी ने शेष प्रार्थना पत्रों को संवंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सौंपते हुए शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कमलेश लम्बरदार के नेतृत्व में दर्जनो किसानों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए किसानों की खतौनी में अंशो की गड़बड़ी को सही करवाए जाने की मांग की साथ ही महर्षि विश्वामित्र की तपोस्थली झारखंड धाम को पर्यटन स्थल घोषित किए जाने की भी मांग की गई। समाधान दिवस के दौरान तहसील परिसर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर राहुल गुप्ता की देख रेख में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टरों की टीम द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस मौके पर तहसीलदार घनश्याम, नायव तहसीलदार मानवेन्द्र सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार अग्रहरी, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनय दिवाकर, वन क्षेत्राधिकारी बामौर अवधेश प्रताप सिंह बुंदेला सहित राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

एसबीए चुनावः उपाध्यक्ष 10 साल से ऊपर पद पर एक प्रत्याशी ने लिया पर्चा वापस

- अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री तथा कोषाध्यक्ष पद पर होगा मुकाबला
- 12 सदस्यों समेत 19 पदाधिकारी हो जाएंगे निर्विरोध।
- 16 दिसंबर को प्रत्याशियों को वितरित की जाएगी मतदाता सूची।
- 18 दिसंबर को होगी टेंडर वोटिंग।
- प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से किया संपर्क, चुनावी सरगर्मी हुई तेज।

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन सोनभद्र के निर्वाचन सत्र 2023प्त24 के लिए हो रहे मतदान के लिए शुक्रवार को सिर्फ एक प्रत्याशी उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर पद पर अपना पर्चा वापस लिया। जिसकी वजह से अब चुनाव मैदान में 23 पदों के लिए कुल 33 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं, हालाकि 19 पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए जाएंगे। वहीं अब सिर्फ चार पदों अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष पद पर मुकाबला होगा जिसके लिए 14 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं। 16 दिसंबर को मतदाता सूची प्रत्याशियों को वितरित की जाएगी, जबकि 18 दिसंबर को टेंडर वोटिंग होगी। प्रत्याशियों ने समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शशि कुमार मिश्र ने बताया कि 23 पदों के लिए कुल 34 लोगों ने पर्चा दाखिल किया था। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए सर्वाधिक 6 प्रत्याशी विनय कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार त्रिपाठी, पूनम सिंह, ओम प्रकाश राय, रमेश देव पांडेय व अरुण कुमार मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशी शारदा प्रसाद मौर्या एवं लालता प्रसाद पाण्डेय, महामंत्री पद के लिए तीन प्रत्याशी अरुण कुमार सिंघल, राजीव कुमार सिंह गौतम व अखिलेश कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर के लिए तीन प्रत्याशियों दिलीप कुमार त्रिपाठी, संतोष कुमार मिश्रा एवं संतोष कुमार सिंह तथा उपाध्यक्ष 10 वर्ष से नीचे के लिए दो प्रत्याशी अनुज प्रसाद अवस्थी व आशुतोष कुमार दुबे, संयुक्त मंत्री प्रशासन दुगार्शंकर चौबे, प्रकाशन विवेक कुमार पांडेय व श्यामकिशोर, कोषाध्यक्ष पद के लिए तीन प्रत्याशियों अनिल कुमार पाण्डेय, उमेश कुमार शुक्ल व राजकुमार सिंह के साथ ही सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से नीचे के लिए 6 प्रत्याशी अनुराग सिंह पटेल, सत्यनारायण गुप्ता, सतीश कुमार चौबे, आनंद कुमार श्रीवास्तव, राकेश धर द्विवेदी व योगेश कुमार एवं सदस्य कार्यकारिणी 15 वर्ष से ऊपर के लिए 6 प्रत्याशी दिनेश दत्त पाठक, अरुण कुमार पांडेय, सत्यदेव पांडेय, विवेकानंद चौबे, संतोष कुमार जैन व यशवंत कुमार सिंह शामिल हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उपाध्यक्ष 10 वर्ष से ऊपर पद पर एक प्रत्याशी संतोष कुमार मिश्रा ने अपना पर्चा वापस ले लिया। अब कुल 33 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। जिसमें से 12 सदस्यों समेत उपाध्यक्ष चार पद तथा संयुक्त मंत्री तीन पद कुल 19 पदाधिकारी निर्विरोध चुन लिए जाएंगे। वहीं 16 दिसंबर को प्रत्याशियों को मतदाता सूची का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा 18 दिसंबर को टेंडर वोटिंग होगी। उधर प्रत्याशियों द्वारा समर्थकों के साथ वकील मतदाताओं से संपर्क किया गया। जिसकी वजह से चुनावी सरगर्मी तेज हो गई।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष कौशल शर्मा की आवास पर हुयी बैठक

अमन लेखनी सामाचार

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की एक आपात मीटिंग जिला अध्यक्ष कौशल शर्मा की आवास पर बुलाई गई जिसमें व्यापारियों की समस्याओं पर व्यापक विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि विगत कई दशक से व्यापारियों की कुछ समस्याएं जस की तस बनी हुई है जिसका निराकरण आज तक नहीं हो सका उन्होंने कहा कि आगामी 16 दिसंबर को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य जी वह अन्य दो मंत्रियों का भी आगमन हो रहा है यदि इस कार्यक्रम में व्यापारियों को भी अपनी समस्याओं को रखने का अवसर प्रदान किया जाय तो संभवत निराकरण हो जाए उन्होंने कहा कि सरकार व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण करने हेतु कटिबद्ध है इसी के मद्देनजर व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन किया गया कार्यक्रम के अनुसार 3:35 पर कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई है यदि इसके उपरांत व्यापारियों को भी अपनी समस्याओं से अवगत कराने का अवसर प्राप्त हो जाए तो सरकार एवं जिला प्रशासन का भी बहुत आभार होगा। उपरोक्त के संदर्भ में अपर जिला अधिकारी से निवेदन किया गया परंतु उन्होंने भी असमर्थता व्यक्त की उन्होंने कहा कि विगत 13 सितंबर 2022 को उप मुख्यमंत्री के आगमन पर नजूल भूमि फ्री होल्ड कराने हेतु अवगत कराया गया था परंतु 1 वर्ष से ऊपर व्यतीत हो जाने के बावजूद भी उक्त समस्याओं का निराकरण नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि नगर में सिटी अस्पताल खोलने की मांग काफी दिनों से की जा रही है लगभग डेढ़ लाख की आबादी होने के बावजूद रावटसगंज नगर में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध न होने के कारण खासकर बच्चों बुजुर्गों को काफी आसुविधा का सामना करना पड़ता है जिला अस्पताल की 5 किलोमीटर दुर होने के कारण रात्रि में साधन भी उपलब्ध नहीं हो पाते उन्होंने आगे कहा कि कुकुरमुत्ते की तरह गली कुचे में फैले ट्रामा सेंटर मरीजो का शोषण करते हैं सुविधा के नाम पर न हीं आईसीयू वार्ड की सुविधा न हीं सीटी स्कैन नहीं अल्ट्रासाउंड न हीं सर्जरी की व्यवस्था न हीं गंभीर दुर्घटनाओं के लिए डॉक्टर उपलब्ध है जबकि मेडिकल काउंसिल आफ इंडिया ड्रामा सर्विस को एक स्पेशलिटी सर्विस के रूप में मान्य किया है उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों को निशुल्क उपचार के लिए बनी आयुष्मान योजना में भी फजीर्वाड़ा सामने आ रहा है निजी अस्पतालों की ओर से प्रस्तुत 928 दावों को निरस्त कर दिया गया है निरस्त किए गए मामलों से करीब डेढ़ करोड़ का भुगतान होना था भुगतान फसा होने के कारण निजी अस्पताल उपचार से कन्नी काटने में लगे हुए हैं यह भी बताते चलें की आयुष्मान योजना के तहत 17 निजी अस्पतालों को रजिस्टर्ड किया गया है उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन के लाख सक्रियता के बावजूद भी ओपीडी में चिकित्सक नहीं पहुंचते हैं ऐसे में कक्ष के बाहर घंटे इंतजार करने के बाद परिजन निराश लौट जाते हैं सूत्रों के अनुसार जिला अस्पताल में कोई कार्डियोलॉजिस्ट भी नहीं है उपचार के अभाव में कई मरीजो ने दम तोड़ दिया विशेषज्ञ के अभाव में ज्यादातर मरीजों में हार्ट अटैक की पहचान नहीं हो पाती अगर गंभीर रोगी आ जाए और पहचान हो भी जाए तो उसको प्राथमिक उपचार देकर वाराणसी रेफर कर दिया जाता है जबकि सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सबसे ऊपर है सभा में मुख्य रूप से प्रितपाल सिंह प्रशांत जैन शरद जायसवाल राजेश जायसवाल राजू जायसवाल प्रदीप जायसवाल रवि जायसवाल दीप सिंह पटेल टीपू अली विनोद जायसवाल चंद्र प्रकाश जायसवाल कृष्णा सोनी सुनील कुमार सरोज सुनील सोनी तेजिंदर पाल सिंह अमित जायसवाल संजय रघुवंशी राजकुमार जायसवाल पंकज कनोडिया यशपाल सिंह चंदेल सूर्य जायसवाल जसकीरत सिंह सिद्धार्थ सांवरिया अमित वर्मा शिवम केशरी प्रतीक केसरी अमित केसरी अभिषेक केसरी कुशाग्र कौशल शिवनाथ मेहता शरण जायसवाल सत्य प्रकाश मौर्य अभिषेक गुप्ता अमित अग्रवाल नागेंद्र मोदनवाल दीपक सोनी मुकेश सोनी संजय सिंह मोनू बांका अमित वर्मा प्रणव चौबे अंगद विश्वकर्मा दिनेश कुमार सिंह आदि लोगों उपस्थित रहे।

एकता संदेश लेकर निकल पड़े सीनियर सिटीजन

नोएडा। झज्जर स्थित एनटीपीसी की ज्वाइंट वेंचर कंपनी अरावली पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के कुछ सेवारत एवं सेवानिवृत्ति सीनियर सिटीजंस ने समाज में एकता संदेश का बीड़ा उठाया है और वे एकता संदेश लेकर निकल पड़े हैं। उक्त एकता संदेश का शुभारंभ नोएडा सेक्टर 33 स्थित चिल्ड्रन पार्क से हुई, जहां एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए वरिष्ठ सदस्यों का मिलन समारोह संपन्न हुआ। जहां सभी सदस्यों ने परिचयोपरांत अपने विचारों की अभिव्यक्ति प्रकट की, वहीं इस अवसर पर एस के कौशिक, के एन ठाकुर, जी डी शर्मा एवं एसके श्रीवास्तव द्वारा स्वरचित काव्य पाठ तथा नरेश कुमार, ओम प्रकाश एवं बी एस रावत द्वारा देशभक्ति से ओत-प्रोत गीतों के माध्यम से एकता संदेश की शुरूआत हुई। इस टीम का अगला पड़ाव इस्कॉन मंदिर रहा, जहां मंदिर के सभा कक्ष में के न ठाकुर, ए के जैन, आर के जैन एवं पवन पुनियानी द्वारा केक काटकर तथा सामूहिक भोज के साथ कार्यक्रम को यादगार बनाया गया। अपर महाप्रबंधक वित्त के एन ठाकुर के मार्गदर्शन में एनटीपीसी की सेवानिवृत्ति सीनियर सिटीजन की एकता टीम इस एकता संदेश को आगे बढ़ाते हुए सभी सीनियर सिटीजंस के सम्मान को समाज में बनाए रखने हेतु अपना यह कदम जारी रखेगी तथा अन्य सीनियर सिटीजन को इस एकता संदेश में शामिल करेगी। इस पहल के लिए सभी वरिष्ठ सदस्यों ने के न ठाकुर एवं ए के जैन का विशेष आभार प्रकट किया।

आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी के सम्बन्ध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। कलेक्ट्रट सभागार उप जिला निर्वाचन अधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने अगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों के सम्बन्ध में सेक्टर मजिस्ट्रेट के साथ बैठक की, बैठक के दौरान उन्होनें कहा कि लोकसभा चुनाव में भारत निर्वाचन आयोग का वल्नेरेबिलिटी और क्रिटिकल का कॉन्सेप्ट है जितने सेक्टर मजिस्ट्रेट अधिकारी जिस क्षेत्र के लिए नामित किए गये है उन्हें उसी क्षेत्र में चुनाव कराना है इसके लिए तैयारिया शुरू कर दें ताकि चुनाव के दौरान भविष्य में कोई दिक्कत न हो सभी लोगों की तैयारी अच्छी हो इस लिए आज ट्रेनिंग के माध्यम से जानकारी दी जा रही है एस0एच0ओ0 और सर्किल आफिसर आपस में समन्वय स्थापित कर अपने- अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें और चुनाव में होने वाली समस्याओं को चिन्हित करें बहुत ही क्वालिटी वर्क पर कार्य करना है इसी क्रम में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पिछले एक वर्ष के दौरान ऐसे लोगों को चिन्हित करना है जिसे अपने मत डालने में किसी प्रकार की समस्या होती हो और किसी के द्वारा प्रभावित किये जाते हो ऐसे व्यक्ति घर, परिवार समूह के प्रकार का विवरण और उन्हें किनसे डर है उनका पूरा विवरण लेना होगा, उन्होनें कहा कि सभी लोगों के नम्बर होना चाहिए ताकि ऐसे घटनाक्रम से संबधित सूचना को निरंतर ट्रैस किया जा सके। अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह ने कहा कि अगामी चुनाव की तैयारी की जा रही है इसमें सभी को गहनता के साथ कार्य करना होगा सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने स्तर से माइक्रो मीटिंग करनी होगी सभी को अपने क्षेत्र की जानकारी होना चाहिए कहा कि अभी तैयारी कर लेगें उतनी ही शांति से वोटिंग हो सकेगी, लोगो को जागरूक किए जाने के लिए भी कहा गया। इस बैठक में उप जिलाधिकारी सदर निखिल कुमार यादव, सहायक जिला निवार्चन अधिकारी जगरूप सिंह पटेल, जिला निर्वाचन कार्यालय के बाबू सुनिल सिंह, राजकुमार सहित अन्य सम्बन्धितगण अधिकारी उपस्थित रहें।

बिना पैमाईश ही किसान की भूमि से खोदी हजारों घन मीटर मिट्टी

सह खातेदारों ने लगाई रोक के बाबजूद भी ठेकेदार द्वारा खनन जारी

अमन लेखनी सामाचार

ललितपुर। ललितपुर से खजराहों सिंगरौली रेल्वे इलान का ललितपुर रेल्वे स्टेशन से बिरारी स्टेशन तक सवारी ट्रेनों को बिना रास्ते में ठहराव कर समय अनुसार समय से यात्रियों को पहुंचाने हेतू रेल्वे लाईन का दोहरी करण कार्य जारी है जिसमें कार्य दाई ठेकेदारों द्वारा बनाई जा रही रेल्वे लाईन में डाली जा रही मिट्टी में ठेकेदारों ने किसानों के उनकी जमीन का एग्रीमेंट कर जमीन की खुदाई कर हजारों घन मीटर मिट्टी उठा ली गांव में निवास कर रहे सह खातेदार सुखनंदन झा जमीन के सह खातेदार को जब पता चला उनके खेत से बिना परमिशन और पैमाईश के बिना मिट्टी उठाई जा रही है जब किसान ने मौके पर जाकर मिट्टी खोदने से मना करने पर ठेकेदार द्वारा धमकी मिलना शुरू हो गई और सह खातेदार से जमीन खोदने का तय एग्रीमेंट का हवाला देकर भगा दिया पीड़ित किसान ने जिला अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में गांव में चकबंदी होने के बाबजूद खनन करने का आरोप लगाता वहीं चकबन्दी अधिकारियों पर उसके हिस्से को जमीन को अधिकारियों ने मौके पर जाकर भूमि की बिना पैमाईश कर बिना कोई कार्य वाही कर भगा दिया पीड़ित ने जिला अधिकारी से मौके की निष्पक्षता से जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है।

उज्जवला योजना निःशुल्क गैस सिलेंडर की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

अमन लेखनी समाचार/शोभित शुक्ला

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर में दीपावली पर उज्जवला योजना के तहत घोषित सब्सिडी का गैस सिलेंडर 31 दिसम्बर तक प्रथम निःशुल्क प्राप्त कर लें। यह जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी, फतेहपुर ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित सब्सिडी के दृष्टिगत जनपद के उज्ज्वला लाभार्थियों को दीपावली के अवसर पर प्रथम निःशुल्क गैस रिफिल प्राप्त। करने की अन्तिम तिथि 31दिसम्बर 2023 तक है। जिसके अन्तर्गत उपभोक्ताओं को गैस रिफिल प्राप्त करने से पूर्व ई-केवाईसी पूर्ण होने पर निःशुल्क गैस रिफिल की सब्सिडी का भुगतान उनके खाते में शत-प्रतिशत प्रेषित किया जाना है। इसलिये प्रत्येक दशा में अवशेष उज्ज्वला लाभार्थियों को 31दिसम्बर 2023 तक निःशुल्क गैस रिफिल प्राप्त करने से पहले ई-केवाईसी पूर्ण कराया जाना आवश्यक है, ताकि लाभार्थी के खाते में सब्सिडी प्रेषित की जा सके।

अतः प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सूचित किया जाता है, कि वह सम्बन्धित गैस एजेन्सी से संपर्क कर ई-के०वाई०सी० पूर्ण कर 31दिसम्बर 2023 के पूर्व निःशुल्क गैस रिफिल प्राप्त कर ले। गैस रिफिल सब्सिडी लाभार्थियों के खाते में रिफिल लेने के पश्चात भेजी जायेगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक – श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com

सनी ने दिया एनिमल का ऑनेस्ट रिव्यू

मुंबई। देओल बंधुओं के लिए यह साल काफी अच्छा रहा। सनी देओल की गदर 2 एक ब्लॉकबस्टर सफलता थी और बॉबी देओल संदीप रेड्डी वांगा की एनिमल में अपने प्रदर्शन के लिए हर तरफ से प्रशंसा अर्जित कर रहे हैं। अब बॉबी के भाई एक्टर सनी देओल ने भी फिल्म देखी है और अपना रिव्यू शेयर किया है। सनी ने एनिमल की तारीफ की है मगर एक्टर ने यह भी कहा है कि फिल्म में कुछ चीजें ऐसी भी हैं, जो उन्हें पसंद नहीं आई हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तव में बॉबी के लिए खुश हूं। मैंने एनिमल देखी है और मुझे यह पसंद आई, यह एक अच्छी फिल्म है।

लाइफ Style

जाह्नवी

छोटी बहन को दी सलाह

हिंदी सिनेमा की दिग्गज एक्ट्रेस रहीं श्रीदेवी की बड़ी बेटी जाह्नवी कपूर की तरह छोटी बेटी खुशी कपूर ने फिल्मी दुनिया में डेब्यू कर लिया है। बॉलीवुड की फेमस निर्देशक जोया अख्तर की ओटीटी मूवी 'द आर्चीज' के जरिए खुशी ने हिंदी सिनेमा में कदम रखा है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मौजूदा समय में इस फिल्म को लेकर निर्माता बोनी कपूर की लाड़ली का नाम लगातार सुर्खियां बटोर रहा है। इस बीच खुशी कपूर की बड़ी बहन जाह्नवी कपूर ने उन्हें एक बड़ी सलाह दी है। जाह्नवी और खुशी में दो बहनों के आधार पर काफी प्यार है। अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे की फोटो शेयर कर ये दोनों प्यार लुटाती नजर आती हैं। हाल ही में जाह्नवी से एक इंटरव्यू में खुशी की पहली फिल्म 'द आर्चीज' को लेकर सवाल पूछा गया है। इस पर जाह्नवी ने खुलकर बात करते हुए कहा है, हां मैंने इस फिल्म देखी है। अगर ईमानदारी से कहूं तो मुझे उनका काम अच्छा लगा। जब मेरी उनसे (खुशी) बात हुई तो मैंने सिर्फ उनसे ये कहा कि अब वह हेट यानी नफरत के लिए तैयार हो जाएं, लोग आपको टारेगट करेंगे और बुरा भला कहेंगे। बुरी बातों पर हम यकीन जल्दी कर लेते हैं और सही बातों में ऐसा उल्टा होता। मैंने अपनी बहन से कहा कि की खुद को मत खोइए, परेशान न हो आपने अच्छा काम किया, जो वास्तविकता के आधार पर था, न की बनावटी। इस तरह से जाह्नवी ने खुशी को बड़ी बहन होने के वाते बड़ी सलाह दी। नेटफ्लिक्स फिल्म 'द आर्चीज' में खुशी ने बैट्टी कूपर की भूमिका को अदा किया है।

हॉलीवुड मसाला

ब्वॉयफ्रेंड के साथ हुईं रोमांटिक

लॉस एंजेलिस। दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू चलाने वाली सेलेना गोमेज अक्सर अपने अफेयर को लेकर हेडलाइंस में छाई रहती हैं। जस्टिन बीबर समेत कई लोगों के साथ सेलेना का नाम जुड़ चुका है। अब सेलेना गोमेज म्यूजिक इंडस्ट्री के एक जाने-माने शख्सियत को डेट कर रही हैं और वह हैं बेंजामिन जोसेफ लेविन, जिन्हें बेनी ब्लैंको भी कहा जाता है। कुछ महीनों से सेलेना और बेनी का नाम जोड़ा जा रहा था। हाल ही में, सेलेना ने बेनी के साथ अपने रिश्ते पर मुहर लगा दी और बताया कि वह उनके साथ बहुत खुश हैं।

माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग का सीक्वल देखना चाहती हैं जूलिया

लॉस एंजेलिस। एक्ट्रेस जूलिया रॉबर्ट्स से पूछा गया कि क्या उनके करियर की कोई ऐसी फिल्म है, जिसका वह संभावित सीक्वल देखना चाहेंगी, तो उन्होंने जवाब दिया 'माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग', जो 1997 में रिलीज हुई थी। रॉबर्ट्स ने कहा,माई बेस्ट फ्रेंड्स वेडिंग में बहुत सारे लोग हैं और यह देखने के लिए कि वे क्या कर रहे हैं और किम्मी और माइकल की शादी कैसी चल रही है, इसका सीक्वल देखना चाहूंगी। रॉबर्ट्स ने कहा, निश्चित रूप से, जूल्स से है। लेकिन उन्होंने किम्मी से शादी कर ली। जूलिया ने फिल्म में जूलियन नामक एक महिला की भूमिका निभाई, जिसे पता चलता है कि वह अपने सबसे अच्छे दोस्त माइकल (डरमॉट मुलरोनी) से प्यार करती है, लेकिन जब उसे पता चलता है कि वह कॉलेज की छात्रा किम्बर्ली (कैमरन डियाज) से शादी करने जा रहा है, तो वह माइकल को वापस पाने का प्रयास करती है।

कर्मा कॉलिंग का दमदार टीजर आउट

मुंबई। रवीना टंडन की अपकमिंग सीरीज कर्मा कॉलिंग का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में रवीना का शानदार अंदाज देखने को मिल रहा है। ये सीरीज डिज्नी प्लस हॉटस्टार में रिलीज होगी। रुचि नारायन के निर्देशन में बनी इस सीरीज में रवीना एक अमीर शख्सियत इंद्राणी कोठारी का किरदार निभाती दिखाई देंगी। कर्मा कॉलिंग की रिलीज डेट का ऐलान भी किया गया है। कर्मा कॉलिंग अमीरों की दुनिया की असलीयत बताती है। सीरीज में दिखाया जाएगा कि इंद्राणी कोठारी की ग्लैमर और चकाचौंध से भरी दुनिया में कितना धोखा भरा है। ये सीरीज 26 जनवरी को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है। रवीना ने बताया कि वह इस सीरीज के साथ जुड़कर बहुत खुश हैं। उन्होंने इससे पहले कभी भी ऐसा किरदार नहीं निभाया।



फाइटर का गाना शेर खुल गए रिलीज

मुंबई। फिल्म 'फाइटर' का गाना 'शेर खुल गए' रिलीज हो गया है। डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद ने इस पार्टी सीजन सॉन्ग के साथ अपनी फिल्म के म्यूजिकल सफर की शानदार शुरुआत कर दी है। धमाकेदार डांस बीट्स से भरपूर, 'शेर खुल गए' आपके पार्टी के जज्बे को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का वादा करता है। अपने कमाल के डांसिंग स्किल्स के लिए मशहूर ऋतिक रोशन भी सरप्राइज करने में फेल नहीं होते हैं। इस गाने में उनके डांस मूव्स बेहद शानदार हैं। साथ ही वो हर कदम पर जादू बिखेरते हुए इस गाने को दर्शकों के लिए एक सदाबहार ट्रीट बनाते हैं। इसके अलावा गाने में करण सिंह ग्रोवर, संजीदा शेख और अक्षय ओबेरॉय ने जोशिला माहौल बनाया है। 'शेर खुल गए' गाने को विशाल ददलानी, शेखर रावजियानी, बेनी दयाल और शिल्पा राव ने अपनी आवाज दी हैं।

टीवी मसाला

सुगंधा ने बेटी को दिया जन्म बेबी गर्ल का शेयर किया फोटो

मुंबई। कॉमेडियन सुगंधा और संकेत भोसले माता-पिता बन गए हैं। हाल ही में, सुगंधा ने अपने बेटी को जन्म दिया है। उनके पति संकेत ने सोशल मीडिया पर फैंस के साथ ये गुडन्यूज शेयर की है। सिंगर, एक्ट्रेस और कॉमेडियन सुगंधा मिश्रा ने अक्टूबर महीने में अपनी प्रेग्नेंसी की अनाउंसमेंट की थी। अब अभिनेत्री ने शादी के ढाई साल बाद अपने पहले बेबी का स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर एक क्यूट वीडियो के जरिए संकेत ने बेबी गर्ल के जन्म की जानकारी दी। संकेत भोसले ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर हॉस्पिटल से एक वीडियो शेयर किया है। क्लिप में संकेत कहते नजर आ रहे हैं कि वह पिता बन गए हैं। उन्होंने अपनी पत्नी सुगंधा की भी झलक दिखाई, जिनके चेहरे पर बेटी के जन्म की खुशी साफ जाहिर कर रही है। संकेत ने अपनी लाडली की पहली फोटो शेयर की, जिसमें वह और सुगंधा अपनी लाडली के साथ फोटो खिंचवा रहे हैं। हालांकि, संकेत ने बेटी के चेहरे को इमोजी से ढक दिया। रोहित रॉय समेत बाकी सेलेब्स और फैंस उन्हें बधाइयां दे रहे हैं। सुगंधा मिश्रा को कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से पॉपुलैरिटी मिली है। वह शो में अपनी कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों को हंसाने का कोई मौका नहीं छोड़ती थीं। कॉमेडी के अलावा सुगंधा एक शानदार सिंगर भी हैं, जो सा रे गा मा पा के मंच पर भी अपनी आवाज का जादू चला चुकी हैं।

वैष्णवी हुईं मारपीट का शिकार मदद की लगाई गुहार

टीवी अभिनेत्री वैष्णवी धनराज का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। इसमें एक्ट्रेस मदद की गुहार लगाती हुई दिख रही हैं। वैष्णवी के चेहरे और शरीर पर चोट कई निशान हैं। वीडियो में एक्ट्रेस ने कहा कि उनके साथ परिवार वालों ने मारपीट की है। वैष्णवी ने अपना एक वीडियो जारी करते हुए खुद के साथ हुए हाथापाई के बारे में बताया और सभी से मदद करने के लिए रिक्वेस्ट की। एक्ट्रेस ने अपने चेहरे, होंठ और हाथ पर लगे चोट के निशानों को भी कैमरे पर दिखाया। वैष्णवी धनराज ने बताया कि उन्होंने ये वीडियो पुलिस स्टेशन से शूट किया है। वैष्णवी ने वीडियो में कहा, नमस्ते, मैं वैष्णवी धनराज हूं।

परिवार के साथ तिरुपति बालाजी पहुंची दीपिका

मुंबई। अभिनेत्री दीपिका पादुकोण अपनी आगामी फिल्म फाइटर को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की रिलीज से पहले अभिनेत्री अपने परिवार के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने गईं। दीपिका अपनी मां, पिता और बहन के साथ तिरुपति बालाजी मंदिर के दर्शन करने पहुंचीं। शेयर किए गए वीडियो में अभिनेत्री को सुबह-सुबह भगवान के दर्शन करते हुए देखा गया। उन्होंने फैमिली के साथ मंदिर में माथा टेका। इस दौरान दीपिका पादुकोण ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। उन्होंने बेज कलर का एथनिक आउटफिट पहना था। कानों में चांद बालियां, हेयर बन और लाल कलर की चुनरी ओढ़ी दीपिका हमेशा की तरह सुंदर लग रही थीं। दीपिका का ये वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

डिजिटल प्लेटफॉर्म पर डेब्यू करेंगे सिद्धार्थ

मुंबई। एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा अब रोहित शेट्टी के कॉप्स वर्ल्ड का हिस्सा बन चुके हैं। वह जल्द ही रोहित शेट्टी की डेब्यू सीरीज 'द पुलिस फोर्स' से ओटीटी की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। सिद्धार्थ डिजिटल प्लेटफॉर्म पर अपना डेब्यू कर रहे हैं। 'इंडियन पुलिस फोर्स' के निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कॉप एक्शन ड्रामा वेब सीरीज का एक नया पोस्टर शेयर किया है। इसमें आंखों पर चश्मा लगाए और पुलिस आधिकारिक लुक में सिद्धार्थ मल्होत्रा नजर आ रहे हैं। उनके साथ ही विवेक ओबेरॉय और शिल्पा शेट्टी भी पोस्टर में दिखाई दे रहे हैं। रोहित शेट्टी ने बताया कि इस सीरीज का टीजर 16 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। इंडियन पुलिस फोर्स' सीरीज 19 जनवरी को रिलीज हो रही है। ये वेब सीरीज दुनियाभर में अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाएगी।

जो मुश्किल नहीं है वो प्यार नहीं : मौनी

मुंबई। 'टेम्पटेशन आइलैंड इंडिया' की मेजबानी कर रही अभिनेत्री मौनी रॉय ने शो में रिश्तों के भीतर की चुनौतियों पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वास्तविकता एक बार फिर कल्पना से अधिक विचित्र साबित हुई है। मौनी ने कहा, जो कभी विला में रहते थे, वे अब सार्थक संबंधों में विकसित हो गए हैं। प्यार का अंतिम फैसला सुनाना आसान काम नहीं होगा। इस शो ने मात्र आकर्षण को रिश्तों के बारे में गहन अहसास में बदल दिया है। सही ही कहते हैं, जो मुश्किल नहीं है, वो प्यार नहीं है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा, मैंने शो में व्यक्तियों को महत्वपूर्ण परिवर्तनों से गुजरते हुए, मजबूत और आत्मविश्वासी व्यक्तित्व के रूप में विकसित होते देखा है। साथ ही कई लोगों ने अपनी पूरी क्षमता से अपने संबंधों की गहराई का पता लगाया। मैं वास्तव में इन जोड़ों के जीवन में खुल रहे अध्यायों को देखने के लिए उत्सुक हूं।

अपने अभिनय से सिल्वर स्क्रीन पर मचाएंगे धूम

नए साल में देखने मिलेंगी रोमांचक जोड़ियां

एजेंसी ⏭ मुंबई

जैसे-जैसे वर्ष 2024 सामने आएगा, बॉलीवुड प्रेमी खुद को ताज़ा और आकर्षक ऑन-स्क्रीन जोड़ियों की एक श्रृंखला के लिए तैयार कर सकते हैं जो अपनी केमिस्ट्री और करिश्मा के साथ सिल्वर स्क्रीन पर धूम मचाने का वादा करती हैं। हाई-ऑक्टेन एक्शन से लेकर दिल छू लेने वाले रोमांस तक, आगामी रिलीज विभिन्न प्रकार की शैलियों का दावा करती है, जो यह सुनिश्चित करती है कि हर सिनेमा प्रेमी के लिए कुछ न कुछ हो। आइए गतिशील जोड़ी और उनकी बहुप्रतीक्षित परियोजनाओं पर एक नज़र डालें।

विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना - चावा

लक्ष्मण उतेकर ने चावा में विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना को निर्देशित किया है। चूंकि इस महीने उनकी संबंधित फिल्में बॉक्स ऑफिस पर टकरा रही हैं, प्रशंसक 6 दिसंबर, 2024 को इस आगामी रिलीज में उनके पहले सहयोग का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा - योद्धा

एक्शन से भरपूर फिल्म /"योद्धा/" में एक ताजा जोड़ी ने प्रशंसकों को उत्सुक कर दिया है। राशि खन्ना और सिद्धार्थ मल्होत्रा इस आगामी थ्रिलर में स्क्रीन पर तीव्रता और जोश लाने के लिए तैयार हैं।

शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े - देवा

/"देवा/" में शाहिद कपूर और पूजा हेगड़े के साथ दशहरा मनाएं। एक हाई-प्रोफाइल मामले की जांच कर रहे एक विद्रोही पुलिस अधिकारी की यह गहन कहानी दर्शकों को अपनी सीटों से बांधे रखने का वादा करती है।

कृति खरबंदा और सनी सिंह - रिस्की रोमियो

/"रिस्की रोमियो/" में कृति खरबंदा और सनी सिंह के साथ एक रोलरकोस्टर सवारी के लिए तैयार हो जाइए। यह होनहार जोड़ी इस रोम-कॉम में हंसी, प्यार और शायद जोखिम की खुराक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति - मेरी क्रिसमस

अपनी मूल रिलीज 8 दिसंबर, 2023 से 12 जनवरी, 2024 तक स्थानांतरित होकर, मेरी क्रिसमस कैटरीना कैफ और विजय सेतुपति की अप्रत्याशित लेकिन दिलचस्प जोड़ी को एक साथ लाती है। श्रीराम राघवन द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक आनंदमय सिनेमाई आश्चर्य होने की उम्मीद है।